4. अपने कथनों के समर्थन में श्रमिक ओम प्रकाश प्रजापित ने स्वयं का शपथ पत्र पेश कर सत्यापित कराया जिससे नियोजक प्रतिनिधि ने जिरह की । इसके विपरीत नियोजक की तरफ से श्री गोपी चन्द ने शपथ पत्र पेश किया जिससे श्रमिक प्रतिनिधि ने जिरह की । तत्पश्चात मैंने पक्षावली का निरीक्षण किया और पक्षकारों के प्रतिनिधियों की विस्तारपूर्वक सुना

5. क्लेम के प्रत्युत्तर में तो नियोजक का कथन है कि आंशिक रुप से कार्य होने पर ही घंटे-डेढ़ घंटे के लिए श्रमिक को नियोजित किया जाता था । परंतु नियोजक साक्षी श्री गोपी चंद का कहना है कि उसने कभी गोदन शाखा में कार्य नहीं किया उसे तो रिकार्ड से ही जानकारी है । पेमेंट वाउचर पर चार घंटे काम करने का उल्लेख हो तो उसे पता नहीं । साक्षी कहता है उसे यह भी पता नहीं कि कितने बजे से कितने बजे तक उससे काम करवाया था । तत्कालीन शाखा प्रबन्धक श्री गुप्ता थे, जिनका स्थानान्तरण हो गया है । नियोजक के साक्षी श्री गोपीचंद के अपुष्ट कथनों पर विश्वास नहीं किया जा सकता क्योंकि क्लेम के प्रत्युत्तर में तो घंटे-डेढ़ घंटे ही काम लेने का उल्लेख है जबकि इस साक्षी ने अपने शपथ पत्र में 3-4 घंटे ही प्रति दिवस कार्य लेने का उल्लेख किया है । साक्षी यह स्वीकार करता है कि वह गोदन शाखा में कभी नियोजित नहीं रहता है उसे तो केवल रिकार्ड से ही जानकारी है परंतु पेमेंट वाउचर पर 3-4 घंटे प्रति दिवस कार्य लेने का उल्लेख नहीं है न ही पैमेंट वाउचर अभिलेख पर पेश किये गये हैं । ऐसा प्रतीत होता है कि इस साक्षी ने अंशकालीन काम लेने का उल्लेख अपने शपथ पत्र में मिथ्या किया है । अगर वास्तव में अंशकालीन काम ही किया गया होता तो श्रमिक के पैमेंट वाउचर पर इसका उल्लेख होता अथवा उसे इस विषय का लिखित आदेश भी दिया गया होता जब श्रमिक ने क्लेम के अनुसार शपथ पत्र में भी यह दर्ज कर दिया था कि वह प्रातः 9.30 से सायं 5.30 बजे तक कार्य करता था तो नियोजक से यह अपेक्षा थी कि वे उक्त साक्ष्य में विपरीत अंशकालीन कार्य लेने बाबत प्रालेखिक अथवा विश्वसनीय मौखिक साक्ष्य पेश करता श्रमिक से भी प्रति परीक्षा में ऐसे सुझावात्मक प्रश्न नहीं किये गये हैं कि उससे 3-4 घंटे ही प्रत्येक दिवस कार्य लिया गया हो । न तो क्लेम के प्रत्युत्तर में और न ही नियोजक साक्षी गोपी चंद ने अपने शपथ पत्र में यह दर्ज किया है कि कितने बजे से कितने बजे तक श्रमिक से अंशकालीन कार्य लिया जाता था तर्क के लिए यह मान भी लिया जाये कि श्रमिक अंशकालीन कर्मचारी था तो भी यशवन्त सिंह यादव बनाम राजस्थान राज्य 1989 (ii) एल.एल.एन. 1011 पर उपलब्ध न्यायापीठ के अनुसार पार्ट टाईम एम्पलाई भी अधिनियम की धारा 2 (एस) के अन्तर्गत कर्मकार की परिभाषा में आता है । इस विषय में उच्चतम न्यायालय के न्याय दृष्टान्त ए.आई.आर. 1967 (एस.सी.) 884 तथा गोविन्द भाई बनाम एन.के. वेसाई 1988 लैब.आई.सी. 505 के न्याय दृष्टान्तों का भी उल्लेख किया जा सकता है । इस प्रकार प्रत्येक दृष्टिकोण से परखने पर नियोजक की प्राथमिक आपत्ति निराधार मानते हुए अपास्त की जाती है ।

6. जहां तक धारा 25-एफ के प्रावधानों का प्रश्न है क्लेम के अनुसार ही अपने शपथ पत्र में भी राम प्रकाश कहता है कि उसने 6-6-86 से 8-3-88 तक बैंक की गोदन शाखा में लगातार कार्य किया है । श्रमिक के अनुसार जून 1986 से मई 1987 तक 251 दिवस कार्य किया तथा जनवरी 1987 से दिसम्बर 1987 तक 248 दिन कार्य किया है । जनवरी 1988 में 28 दिवस, फरवरी में 23 दिन, मार्च 1988 1988 में 15 दिन कार्य किया है । उपरोक्त तथ्यों बाबत श्रमिक से विस्तारपूर्वक प्रति परीक्षा नहीं की गई है और न ही नियोजक साक्षी गोपीचंद ने अपने शपथ पत्र में उक्त तथ्यों का प्रतिवाद किया है बल्कि प्रति परीक्षा करने पर नियोजक साक्षी भी कहता है कि प्रदर्श एम-1 के मुताबकि ही उसने काम किया है । तत्पश्चात नियोजक साक्षी ने यह कहा है कि जून 1986 से मई 1987 तक 251 दिन होते होंगे । 1-1-88 से 8-2-88 के बीच 31 दिन काम करना स्वीकार किया है । यह उल्लेखनीय है कि प्रदर्श एम-1 नियोजक द्वारा ही प्रस्तुत की गई है जिसके अनुसार ही श्रमिक ने 6-5-86 से 31-12-87 तक 405 दिवस काम किया है । इसके बाद 1 जनवरी से 8 फरवरी 1988 तक काम करना नियोजक साक्षी स्वीकार करता है । इसलिए उपरोक्त प्रालेखिक एवं मौखिक साक्ष्य से यह साबित है कि सेवा मुक्ति को समाप्त हुए एक कलैण्डर वर्ष में श्रमिक ने 240 दिवस से अधिक की सेवा पूरी कर ली थी । निर्विवाद रुप से सेवा समाप्ति के समय धारा 25-एफ के प्रावधानों की पालना नहीं की गई है इसलिए सेवा मुक्ति स्वतः ही अनुचित अवैध व शून्य हो गई है ।

7. क्लेम में श्रमिक ने यह दर्ज नहीं किया कि सेवा मुक्ति के उपरांत किसी व्यक्ति को कितने दिन के लिए नियोजित किया गया अपने शपथ पत्र में भी श्रमिक ने उक्त तथ्यों का समावेश नहीं किया गया है । नियोजक साक्षी गोपी चंद इस विषय में प्रति परीक्षा करने पर कहता है उसको हटाने के बाद इस वाला काल रैंगुलर व्यक्तियों ने किया था । इन परिस्थितियों में अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य से यह साबित नहीं है कि सेवा मुक्ति के उपरांत दैनिक वेतन पर किसी व्यक्ति को पीओन के पद पर लगाया गया हो और धारा 25-एच की अवहेलना साबित नहीं है ।

8. तथ्यों और विधि के उपरोक्त समस्त कारणों से इस निर्देश का अधिनिर्णय निम्न प्रकार दिया जाता है :

श्रमिक राम प्रकाश प्रजापति को 18-3-88 से सेवा मुक्ति अनुचित एवं अवैध है और इसे दैनिक वेतन भोगी पीओन के पद पर नियोजित घोषित किया जाता है तथा उक्त पद का वेतन व अन्य सभी लाभ दिलाये जाते हैं । 100/– रुपये खर्चा मुदकमा भी दिलाया जाता है । अगर नियोजक उक्त राशि अंदर तीन माह अदा नहीं करेगा तो 12 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज भी देना पड़ेगा । "

9. अवार्ड की प्रति प्रकाशनार्थ भारत सरकार को अन्तर्गत धारा 17 (1) अधिनियम के पठाई जावे ।

श्री जगत सिंह, पीठासीन अधिकारी

नई दिल्ली, 26 मई, 1992

का. आ. 1634.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार, सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण,

जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 22-5-92 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल-12012/50/91-आई आर (बी-2)]
वी. के. वेणुगोपालन, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 26th May, 1992

S.O 1634.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Central Bank of India and their workmen, which was received by the Central Government on the 22-5-92.

[No. L-12012/50/91-IR(B.II)]
V. K. VENUGOPALAN, Desk Officer

अनुबन्ध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी. आई. टी. 37/1991

रैफरैन्स : भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेश क्रमांक एल 12012/50/91 आई. आर. बी. 2/दिनांक 276-91

श्री जे. पी. आसोपा, कैशियर मार्फत महासचिव राजस्थान बैंक एम्पलाईज यूनियन, जोधपुर।

—प्रार्थी

बनाम

सैन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया, जयपुर।

उपस्थित —अप्रार्थी

माननीय न्यायाधीश श्री जगत सिंह जी, आर. एच. जे. एस.

प्रार्थी की ओर से : कोई हाजिर नहीं
अप्रार्थी की ओर से : कोई हाजिर नहीं
दिनांक अवार्ड : 5-12-91

अवार्ड

फरीकेन की ओर से कोई एहाजिर नहीं है। प्रार्थी यूनियन की ओर से आज क्लेम पेश करने हेतु यह प्रकरण निर्धारित था किन्तु ना ही कोई क्लेम पेश हुआ और नाही यूनियन की ओर से कोई उपस्थित आया। अतः प्रकरण में अदम पैरवी में डिस्प्यूट अवार्ड पारित किया जाता है जो केन्द्र सरकार को वास्ते प्रकाशन अन्तर्गत धारा 17(1) औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 भेजा जावे।

जगत सिंह, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 25 मई, 1992

का.आ. 1635.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार, मैसर्स भारत कोकिंग कोल लि. की धनबाद कोलिअरी के प्रबन्धतंत्र के संबंद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबन्ध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण (सं. 2) धनबाद के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 21-5-92 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-20012/352/86-डी-3(ए)]
वी.के. वेणुगोपालन, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 25th May, 1992

S.O. 1635.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, (No. 2), Dhanbad as shown in the Annexure in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Bhatdih Colliery of M/s. B.C.C. Ltd. and their workmen, which was received by the Central Government on 21-5-92.

[No. L-20012/352/86-D.III(A)]
V. K. VENUGOPALAN, Desk Officer

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL (NO. 2) AT DHANBAD

PRESENT :

Shri B. Ram, Presiding Officer.

In the matter of an industrial dispute under Section 10(1)(d) of the I.D. Act, 1947

Reference No. 225 of 1987

PARTIES :

Employers in relation to the management of Bhatdih Colliery of M/s. Bharat Coking Coal Limited, and their workmen.

APPEARANCES :

On behalf of the workmen—Shri D. Mukherjee, Secretary, Bihar Colliery Kamgar Union.

On behalf of the employers—Shri R. S. Murthy, Advocate.

STATE : Bihar. INDUSTRY : Coal.

Dhanbad, the 18th May, 1992

AWARD

The Govt. of India, Ministry of Labour in exercise of the powers conferred on them under Section 10(1)(d) of the I.D. Act, 1947 has referred the following dispute to this Tribunal for adjudication vide their Order No. L-20012(352)/86-D.III(A), dated, the 14th August, 1987.

SCHEDULE

"Whether the action of the management of Bhatdih Colliery of M/s. Bharat Coking Coal Llimted, in denying regularisation as Trammer to Shri Ratan Napit and stopping him from work as Trammer with effect from 27-8-1985 is justified? If not, to what relief the workman is entitled and from what date?"

2. In this case both the parties appeared and filed their respective W.S. documents etc. Subsequently at the stage of oral evidence both the parties appeared before me and filed a Joint Compromise Petition. I heard both the parties on the said petition of compromise and do find that the terms contained therin are fair, proper and beneficial to both of them. Accordingly I accept the same and pass an Award in terms thereof which forms part of the Award as Annexure.

B. RAM, Presiding Officer

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL (NO. 2) AT DHANBAD

Reference No. 225/87

PARTIES :

Employers in relation to the Management of Bhatdih Colliery of Bharat Coking Coal Ltd.

AND

Their workmen

JOINT COMPROMISE PETITION OF THE EMPLOYERS AND WORKMEN

The above mentioned Employers and workmen most respectfully beg to submit jointly as follows :—

(1) That the Employers and the workmen have jointly negotiated the Dispute covered by the above Reference with a view to arriving at a mutually acceptable and amicable overall settlement.

(2) That as a result of such joint and mutual negotiations, the Employers and the workmen have jointly arrived at an agreement on the following terms :—

(a) It is agreed that Sri Ratan Napit, the workman concerned will be taken back in the employment of the Management as a Trammer without payment of any back wages but with continuity of service within 15 days from the date of acceptance of this Joint Compromise Petition by this Hon'ble Tribunal.

(b) It is agreed that the Management shall pay an amount of Rs. 20,000 (Rupees Tyenty thousands) only to the workman concerned to metigate his hardship on account of his continued unemployment for a period of 5 years or so.

(c) It is agreed that this is an overall settlement in full and final settlement of all the claims of the Sponsoring Union and the workman concerned arising out of the above Reference.

(3) That the Emplyoyers and the workmen consider and hereby declare that the above terms of settlemen are fair, just and reasonable to both the parties.

In view of the above, the Employers and the workmen jointly pray that the Hon'ble Tribunal may be pleased to accept this Joint Compromise Petition and give an Award in terms thereof and dispose off the above Reference.

And for this, the Employers and the workmen shall ever remain grateful.

Sd/-
(B. Mohanty)
Secretary,
Bihar Colliery Kamgar Union.
for and on behalf of workman.

Sd/-
General Manager,
Mohuda Area,
Bharat Coking Coal Ltd.,
for and on behalf of Employers.
(Ral. S. Murthy),
Advocate,
for Employers.

नई दिल्ली, 28 मई, 1992

का.आ. 1636.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार, भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबन्ध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 26-5-92 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल-17012/15/86-डी-4(ए)]
वी. के. वेणुगोपालन, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 28th May, 1992

S.O. 1636.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the Management of Life Insurance Corporation of India and their workmen, which was received by the Central Government on 26-5-92.

[No. L-17012/15/86-D.IV(A)]
V. K. VENUGOPALAN, Desk Officer

अनुबन्ध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर
केस नं. सी आई.टी. 51/1987

रिफरेन्स : भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेश क्रमांक एल. 17012/15/86—डी 14 (ए) दिनांक 5-5-87

श्री त्रिलोक चन्द अग्रवाल पुत्र श्री गोपी किशन अग्रवाल नया बाजार, अजमेर।

—प्रार्थी

बनाम

खण्ड प्रबन्धक, खण्ड कार्यालय, भारतीय जीवन बीमा निगम, जीवन प्रकाश रामाडे मार्ग पो. बाक्स नं. 2 अजमेर।

—अप्रार्थी

उपस्थित

माननीय न्यायाधीश श्री जगत सिंह जी, आर.एच.जे.एस.

प्रार्थी की ओर से : श्री बी. एल. समदरिया
अप्रार्थी की ओर से : श्री एम. डी. अग्रवाल
दिनांक अवार्ड : 10 मार्च, 1992

अवार्ड

भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली ने अपने उपरोक्त आदेश द्वारा निम्न विवाद इस न्यायाधिकरण को वास्ते अधिनिर्णय औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 10 (1) (घ) के अन्तर्गत प्रेषित किया है :

"क्या भारतीय जीवन बीमा निगम अजमेर की श्री टी. सी. अग्रवाल को 20-2-84 से सेवा से बरखास्त करने की कार्यवाही न्यायोचित है। यदि नहीं तो संबंधित कर्मकार किस अनुतोष का हकदार है।"

2. श्री टी. सी. अग्रवाल, जिसे तत्पश्चात् श्रमिक संबोधित किया है, ने क्लेम प्रकट किया कि उनकी नियुक्ति अप्रार्थी जीवनबीमा निगम, जिसे तत्पश्चात् निगम

संबोधित किया है, द्वारा चपरासी के पद पर 8-8-75 को 6 माह की परिवीक्षा पर की गई थी। उक्त पद पर उसे 12-2-76 को स्थाई भी कर दिया गया। श्रमिक कहता है उसे 31-3-83 और 17-5-83 की तारीखों के दो आरोप पत्र विपक्षी निगम द्वारा 18-7-83 को दिये गये थे जिनका उत्तर भी 22-7-83 को दे दिया था और बिना अवकाश स्वीकृत कराये एवं बिना अनुमति अनुपस्थित रहने बाबत क्षमा याचना भी कर ली थी और यह भी निवेदन कर दिया था कि उसने 18-7-83 को पूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के बाद उपस्थिति दे दी है तथा बीमारी के चिकित्सा प्रमाण पत्र भी वह शीघ्र ही पेश कर देगा परंतु फिर भी जांच अधिकारी श्री आर. के. शर्मा ने 31-3-83 के दिनांक वाले आरोप पत्र पर जांच प्रारंभ रखी और 1-8-83 को जांच रिपोर्ट भी नियोजक को पेश कर दी। श्रमिक कहता है उसने जांच के दौरान जांच अधिकारी को भी स्पष्ट बता दिया था कि अवकाश स्वीकृति का प्रार्थना पत्र समय पर पत्नी की बीमारी में व्यस्त रहने के कारण पेश नहीं कर सका परन्तु फिर भी जांच अधिकारी ने उक्त स्पष्टीकरण पर अपना निष्कर्ष नहीं निकाला और उक्त रिपोर्ट के आधार पर अनुशासनिक अधिकारी ने 20-2-84 के आदेश द्वारा सेवा मुक्ति का दण्ड दे दिया। उक्त आदेश में भी कोई कारण दर्ज नहीं किया। 20-2-84 के उक्त आदेश के विरुद्ध श्रमिक ने आंचलिक प्रबंधक नई दिल्ली को अपील भी प्रस्तुत की थी जिसमें भी पत्नी की बीमारी में व्यस्त रहने के कारण समय पर अवकाश का प्रार्थना पत्र नहीं पेश कर सकने का कारण दर्ज किया था परंतु फिर भी उक्त अधिकारी ने भी 22-5-85 को अपील सरसरी तौर पर रद्द कर दी। श्रमिक कहता है उसने निगम के चेयरमैन को भी एक मैमोरियल सितम्बर, 1985 में 20-2-84 और 22-5-85 के आदेशों, के विरुद्ध किया था जो भी सरसरी तौर पर ही 17-1-86 को खारिज कर दिया गया और मामले के तथ्यों व परिस्थितियों पर गौर नहीं किया गया।

3. इस न्यायालय के समय भी श्रमिक का कथन यह है कि 20-2-84 का आदेश अनुचित, अवैध और शून्य है क्योंकि न तो जांच अधिकारी ने और ना ही अनुशासनिक तथा अपील अधिकारी ने ही श्रमिक द्वारा प्रस्तुत किये गये तथ्यों और परिस्थितियों पर गौर किया है कि अपनी पत्नी की बीमारी में वह व्यस्त था इसलिए समय पर अवकाश स्वीकृति हेतु प्रार्थना पत्र पेश नहीं कर सका। श्रमिक यह भी कहता है कि हालांकि उसे 31-3-83 तथा 17-5-83 के दो आरोप पत्र जारी किये गये थे परंतु जांच केवल 31-3-83 के ही आरोप पत्र पर की गई है जिस पर ही जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर 20-2-84 को सेवा मुक्ति का आदेश दिया गया है इसलिए ऐसा प्रतीत होता है कि 17-5-83 का आरोप पत्र नियोजक द्वारा समाप्त कर दिया गया है जो भी श्रमिक द्वारा प्रस्तुत स्वास्थ्य प्रमाण पत्रों के आधार पर ही किया गया है। श्रमिक कहता है आवश्यक समय में वह स्वयं हार्टफाईड तथा कोलाईटस जैसी दर्दनाक बीमारियों में ग्रस्त था जैसा कि उसके द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्रों व प्रार्थना पत्रों से भी प्रकट होगा। श्रमिक यह भी कहता है कि हालांकि उसने नियोजक को स्पष्ट कर दिया था कि स्वयं व पत्नी की बीमारी में व्यस्त रहने के कारण वह समय पर अवकाश स्वीकृति हेतु प्रार्थना पत्र पेश नहीं कर सका और जिस गलती के लिए उसने नियोजक से क्षमा याचना भी कर ली थी परंतु फिर भी उक्त तथ्यों व परिस्थितियों पर नियोजक द्वारा विचार नहीं किया गया और सेवा मुक्ति जैसा कठोर दण्ड दे दिया गया। श्रमिक का कहना है कि उसके अलावा उसके परिवार में अन्य कोई व्यक्ति जीविकोपार्जन करने वाला नहीं है और उसके परिवार में पत्नी के दो अवयस्क पुत्रियां क्रमश 9 व 6 वर्ष की तथा उसकी विधवा माता भी है जो सब उसी पर निर्भर करती है। श्रमिक ने कहा है कि उसकी जन्म दिनांक दिनांक 15-2-53 है और वह अधिक आयु होने से नव-नियोजक के लायक भी नहीं रहा है इसलिए भी सेवा मुक्ति का दण्ड देना अनुचित है। उपरोक्त समस्त कारणों से श्रमिक की प्रार्थना है कि सेवा मुक्ति आदेश अपास्त किया जावे और उसे सवेतन नियोजन में रहने का आदेश पारित किया जावे।

4. अप्रार्थी नियोजक बजाय प्रत्युक्त श्रमिक के कथनों को अस्वीकार करते हुए कहा है कि श्रमिक के पिता श्री गोपी किशन अग्रवाल बीमा निगम की अजमेर शाखा में अधीक्षक के पद पर कार्यरत थे जिनकी मृत्यु 20-6-75 को सेवा के दौरान हो गई थी इसीलिए उसी के एवज में श्रमिक की नियुक्ति 12-8-75 को की गई थी। श्रमिक ने अपने सभी प्रकार के अवकाशों का उपभोग कर लिया था और वह 1977 के उपरांत अधिकतर बिना वेतन अवकाश पर भी रहा है जैसाकि एनैक्सचर-1 से प्रकट है। नियोजक के अनुसार श्रमिक के अवकाश लेखे संतोषजनक नहीं हैं क्योंकि 133-1/2 दिनों का असाधारण अवकाश बिना वेतन के 15 अक्तूबर 1978 तक स्वीकृत कर लिया था परंतु फिर भी वह बिना अवकाश स्वीकृत कराये अनुपस्थित रहा है। 19-10-78 को भी श्रमिक को एक आरोप पत्र एनैक्सचर—1 दिया गया था जो उसे 25-10-78 को प्राप्त हो गया था जिसका उसने कोई उत्तर नहीं दिया। 11-11-78 को भी आरोपों का उत्तर देने के लिए श्रमिक को पुनः पत्र डाला गया और अंततोगत्वा 22-11-78 को श्रमिक ने एनैक्सचर-2 उत्तर दिया जिसमें भी उसने भविष्य में सतर्क रहने का आश्वासन दिया और उक्त परिस्थितियों में ही श्रमिक के विरुद्ध नर्मी का रुख अपनाते हुए 28-11-78 को एनैक्सचर-3 द्वारा उसे सैन्सर का ही दण्ड दिया गया और उसने दिवस की अनाधिकृत अनुपस्थिति को "डायस नोन" मान लिया गया। नियोजक का कहना है कि तत्पश्चात् भी श्रमिक 12-12-78

से अनुपस्थित हो गया और 24-1-79 को उसे एनैक्सचर-4 आरोप पत्र उसके घर के पते पर भेजा गया जो श्रमिक के घर पर नहीं मिलने से वापस आ गया फलस्वरूप नोटिस बोर्ड पर उक्त आरोप पत्र लगाया गया तत्पश्चात् भी श्रमिक द्वारा क्षमा याचना का जवाब दिनांक 23-2-79 एनैक्सचर-5 प्राप्त होने पर उसे 7-4-79 को कारण बताओ नोटिस दिया गया जिसका उत्तर भी 19-4-79 को प्राप्त होने पर कि भविष्य में नियमों को पालना करेगा, उसके विरुद्ध सहानुभूतिपूर्वक कार्यवाही की गई थी तथा उसे एक स्टैप नीचे पदावनति का ही एनैक्सचर-8 दिनांक 15-5-79 द्वारा दण्ड दिया गया था और उसकी 12-12-78 से 10-2-79 की 61 दिवस की अनुपस्थिति भी डायसनोन मान ली थी। नियोजक कहता है कि तत्पश्चात् भी 25-4-79 से श्रमिक बिना अनुमति के अनुपस्थिति हो गया और उसे 22-5-79 को एनैक्सचर-4 आरोप पत्र दिया गया जो उसे 28-5-79 को मिल गया परंतु श्रमिक ने कोई उत्तर नहीं दिया इस पर 3-7-79 को एनैक्सचर-10 कारण बताओ नोटिस दिया गया जिस पर 18-7-79 को एनैक्सचर-11 उत्तर श्रमिक ने दिया और उसकी गरीबी व दयनीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए नर्मी का रुख अपनाया गया तथा उसे उसके पद से एक और स्टेज नीचे कर दिया गया तथा 25-7-79 से 28-9-79 तक 65 दिवस की अनाधिकृत अनुपस्थिति को डायसनोन मान लिया गया। नियोजक कहता है तत्पश्चात् भी श्रमिक 25-2-79 को बिना पूर्वानुमति के गैर हाजिर हो गया बाबत भी उसे एनैक्सचर-13 आरोप पत्र 31-10-79 को जारी किया गया। 21-11-79 को एनैक्सचर-14 श्रमिक का जवाब आया जिस बाबत 3-12-79 को एनैक्सचर-15 कारण बताओ नोटिस जारी किया गया उसका भी जवाब एनैक्सचर-16, 19-12-79 प्राप्त हुआ और हमेशा की तरह श्रमिक ने सहानुभूतिपूर्वक रुख अपनाने की योजना को फलस्वरूप श्रमिक को दो स्टैप नीचे की बजाय एक स्टैप नीचे ही पदावनत किया गया और 25-9-79 से 30-11-79 तक 40 दिवस की उसकी अनाधिकृत अनुपस्थिति को भी डायसनोन मान लिया गया। तत्पश्चात् भी 14-7-85 से 1-3-80 तक 19 दिवस के लिए श्रमिक बिना अनुमति के अनुपस्थित हो गया और उसकी छुट्टी की अर्जी 4-8-80 को प्राप्त हुई उसका भी भी स्पष्टीकरण मांगा गया। उक्त स्पष्टीकरण पर अभी विचार करना ही था कि 6-8-80 से 28-8-80 तक 23 दिवस के लिए श्रमिक पुनः अनुपस्थित हो गया इसका जवाब 6-9-80 को मांगा गया और 8-9-80 को श्रमिक ने जवाब दिया कि भविष्य में कभी भी इसकी पुनरावृत्ति नहीं करेगा फलस्वरूप एक वर्ष के लिए एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने का दण्ड अनैक्सचर-18 द्वारा दिया गया। नियोजक का कहना है कि तत्पश्चात् भी श्रमिक 4-2-81 से 28-8-81 तक 3-3-81 से 1-4-81, 16-4-81 से 24-4-81, 27-4-81 और तत्पश्चात् भी अनुपस्थिति हो गया फलस्वरूप 27-5-81 को एनैक्सचर-21 आरोप पत्र दिया गया जिसका जवाब 16-9-81 को एनैक्सचर-23 द्वारा दिया और दुराचरण स्वीकार करते हुए भविष्य में पुनरावृत्ति नहीं करने का आश्वासन दिया फलस्वरूप 2 वार्षिक वेतन वृद्धियों रोकने का दण्ड 4-1-82 को एनैक्सचर-25 द्वारा दिया गया। नियोजक कहता है इस पर भी श्रमिक ने अपने आपको नहीं सुधारा और पुनः बिना अनुमति व अवकाश स्वीकृत कराए 26-10-82 से 1-1-83 तथा 21-1-83, 24-1-83 से 28-1-83, 2-3-83 से 4-3-83 और 17-3-83 को भी अनुपस्थित हो गया। कुल 108 दिवस गैर हाजिर हो गया जिस बाबत 31-3-83 को अनैक्सचर-27 आरोप पत्र दिया गया जिसका 15 दिवस तक श्रमिक ने उत्तर नहीं दिया फलस्वरूप आर. के. शर्मा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। जांच अधिकारी के समक्ष भी अनेकों अवसर देने पर भी श्रमिक उपस्थित नहीं हुआ और जान-बूझकर जांच अधिकारी द्वारा भेजे हुए पत्रों को प्राप्त नहीं किया। अंततोगत्वा 1-8-83 को जांच अधिकारी के समक्ष श्रमिक उपस्थित हुआ और 31-3-83 की दिनांक के आरोप पत्र को स्वीकार किया। फलस्वरूप जांच अधिकारी ने 1-8-83 को एनैक्सचर-32 जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जिस पर 25-1-84 को एनैक्सचर-33 कारण बताओ नोटिस श्रमिक को जारी किया गया कि क्यों नहीं उसे प्रस्तावित दण्ड दिया जावे जिसका भी श्रमिक ने कोई उत्तर नहीं दिया फलस्वरूप 20-2-84 एनैक्सचर-34 से सेवा मुक्ति का दण्ड दिया गया है जो तथ्यों और परिस्थितियों के संदर्भ में सही है।

5. नियोजक का कहना है कि 17-5-83 का जो आरोप पत्र श्रमिकों दिया गया था उसमें भी 1-4-83 से श्रमिक अनेकों दिवस अनाधिकृत रूप से अनुपस्थिति था और 15-4-83 के बाद से लगातार गैर हाजिर था। 18-7-83 को जब श्रमिक उपस्थित हुआ तो उसे जवाब पेश किया तथा 20-2-83 के आदेश द्वारा श्रमिक को सेवा मुक्त कर दिया था इसलिये भी 17-5-83 का आरोप पत्र समाप्त कर दिया गया। नियोजक का कहना था कि जांच अधिकारी के समक्ष श्रमिक ने 31-3-83 के दुराचरणों को स्वीकार कर लिया था जिसका उल्लेख जांच रिपोर्ट में भी है और जांच अधिकारी ने दुराचरण साबित पाये थे दण्ड देने से पूर्व कारण बताओ नोटिस भी श्रमिक को जारी किया गया था परन्तु श्रमिक द्वारा प्रस्तुत किये गये यह कारण कि पत्नी की बीमारी में व्यस्त रहने के कारण वह छुट्टी के प्रार्थना पत्र नहीं दे सका, संतोषजनक नहीं पाये गये और इसलिए स्टाफ रेगुलेन्स 1970 के रेगुलेशन 30(1) के अन्तर्गत श्रमिक ने गंभीर दुराचरण किया है और जिस कारण 20-2-84 को सेवामुक्ति दण्ड दिया गया। उक्त दण्डादेश के विरुद्ध आंचलिक मैनेजर द्वारा श्रमिक की अपील भी सकारण नियमानुसार खारिज की गई है। नियोजक भी उसे उक्त दुराचरणों के लिए अनेकों दण्ड दिये गये

थे परन्तु श्रमिक ने अपनी आदतें नहीं सुधारीं फलस्वरूप सेवा मुक्ति जैसा कठोर दण्ड देना पड़ा इसलिए यह श्रमिक किसी अनुतोष का अधिकारी नहीं है।

6. विचारण के दौरान श्री टी.सी. अग्रवाल का देहान्त हो गया और 5-7-89 को उसकी विधवा पत्नी श्रीमति शशि अग्रवाल ने अर्जी पेश की कि उसके पति का देहावसान 14-5-89 को टी. बी. की बीमारी के कारण जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय अजमेर में हो गया है। मृत्यु प्रमाण पत्र की फोटोस्टेट प्रतिलिपियां रजिस्ट्रार नगर परिषद अजमेर तथा चिकित्सा प्रभारी अधिकारी अजमेर के साथ प्रस्तुत की हैं। दिनांक 27-9-89 को तत्कालीन योग्य अधिकारी ने मृतक की पत्नी श्रीमति शशि अग्रवाल उसकी अवयस्क पुत्रियां मंजुलता आयु 10 वर्ष, व संगीता आयु 7 वर्ष तथा उसकी माता श्रीमति कमला देवी आयु 65 वर्ष को भी बतौर वारिसान मृतक रिकार्ड पर लिया। दिनांक 21-1-92 को श्रमिक के योग्य प्रतिनिधि श्री समदरिया ने घरेलू जांच की फेयरनेस पर कोई आपत्ति नहीं की और औद्योगिक विवाद 1947 की धारा 11—ए बाबत ही बहस करने की इच्छा प्रकट की। उक्त विषय का उल्लेख 21-1-92 की आदेशिका में पाया जाता है।

7. मैंने पत्रावली का निरीक्षण किया और पक्षकारों के प्रतिनिधियों को विस्तारपूर्वक सुना।

8. चूंकि नियोजक द्वारा कराई गई घरेलू जांच की फेयरनैस पर कोई आपत्ति नहीं की गई है और इसे फेयर व प्रोपर मान लिया गया है इसलिए जांच में ली गई साक्ष्य के विश्लेषण से ही यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि श्रमिक पर लगाये गये आरोप साबित हैं अथवा नहीं और उक्त दुराचरण के लिये दिया गया दण्ड अनुचित एवं अत्याधिक तो नहीं है। श्री समदरिया ने लिखित बहस भी प्रस्तुत की है। श्रमिक पर 31-3-83 की तारीख का जो आरोप लगाया गया था उसके अनुसार प्रथम आरोप 26-10-82 से 1-1-83 तक 68 दिवस, 21-1-83 को 1 दिवस 24-2-33 से 28-2-83, 35½ दिवस, 2-3-83 से 4-3-83 तक 3 दिवस और 17-3-83 को एक दिवस कुल 108½ दिवस तक यह श्रमिक अनाधिकृत रूप से बिना अवकाश का प्रार्थना पत्र दिये अनुपस्थित रहा है। आरोप सं. 2 के अनुसार श्रमिक अवकाश का उपभोग करने के उपरान्त अवकाश मंजूर कराने का प्रार्थना पत्र पेश करने का आदी रहा है और नियोजक के अनुसार 26-10-82 से 30-11-82 तक 36 दिवस के अवकाश का अपभोग करने के उपरान्त उसने 17-1-83 को अर्जी दी। इसी प्रकार 1-12-82 से 31-12-82 तक 31 दिवस का अवकाश उपभोग करने के उपरान्त 17-1-83 को अर्जी पेश की, 24-1-83 से 28-1-83 तक 5 दिवस का अवकाश उपभोग करने के उपरान्त 28-1-83 को अर्जी दी। 29-1-83 से 2-2-83 तक 5 दिवस का अवकाश उपभोग करने के पश्चात् 3-2-83 को अर्जी दी। 28-2-83 को आधे दिवस का अवकाश उपभोग करने की अर्जी 12-3-83 को दी। 2-3-83 से 3-3-83 2 दिवस के अवकाश उपभोग के उपरान्त अर्जी 4-3-33 को दी। 4-3-33 के अवकाश की अर्जी 12-3-83 को दी और 17-3-83 के अवकाश की अर्जी 21-3-83 को दी। श्रमिक पर तीसरा आरोप यह था कि वह 1-1-83 को तथा 21-1-83 को भी अनुपस्थित रहा था, 3-2-83 से 27-2-83 तक भी अनुपस्थित रहा था और उक्त दिवसों बाबत उसने अवकाश की अर्जियां दी ही नहीं। श्रमिक पर चौथा आरोप यह था कि उसने अपने अवकाश बाबत जो प्रार्थना पत्र दिये थे उसमें स्वयं का पता दर्ज नहीं किया था। इस प्रकार नियोजक के अनुसार उक्त चारों आरोपों द्वारा श्रमिक ने स्टाफ रेगूलेशन्स 1969 के रेगूलेशन 30(1) के अन्तर्गत गंभीर दुराचरण किया था जिसका दण्ड रेगूलेशन 39(1)(ए) लगायत(जी) में दर्ज है। उपरोक्त आरोपों से यह प्रकट हुआ कि आरोप सं. 1 में 26-10-82 से 17-3-83 तक की अवधि का उल्लेख है जिस बाबत दुराचरण यह बताया गया है कि अवकाश उपभोग करने से पूर्व अवकाश का प्रार्थना पत्र नहीं दिया और न ही अनुमति ली जबकि इसी अवधि बाबत आरोप सं. 2 में यह उल्लेख है कि श्रमिक अवकाश उपभोग करने के उपरान्त अवकाश स्वीकृति करने हेतु अर्जी देने का आदी है, अभिप्राय यह है कि आरोप सं. 1 व 2 में उल्लिखित अवधियां भिन्न भिन्न नहीं हैं। इसी प्रकार आरोप सं. 3 में भी 1-1-83 से 27-2-83 की अवधि अन्तर्विलित है जिस बाबत दुराचरण यह है कि 27 दिवस की अवधि के लिये तो अवकाश स्वीकृत करने का प्रार्थना पत्र दिया ही नहीं। अर्थात् कुल अवधि 108½ दिवस की है जो 26-10-82 से 17-3-83 तक की है जिसमें 27 दिवस के लिये तो श्रमिक ने अवकाश उपभोग करने के उपरान्त भी स्वीकृति के लिये प्रार्थना पत्र नहीं दिया और शेष 81½ दिवस की अवधि के लिये अवकाश उपभोग के उपरान्त प्रार्थना पत्र दिये हैं। जांच अधिकारी के समक्ष श्रमिक ने दिनांक 22-7-83 को अपने पत्र प्रदर्श 5 प्रस्तुत किया था और अपनी अनुपस्थिति स्वीकार करते हुए क्षमा याचना की थी तथा यह भी दर्ज किया था कि उक्त अवधि में वह बहुत तेज ज्वर से पीड़ित था जो तत्पश्चात् टाईफाइड हो गया। जांच रिपोर्ट 1-8-83 की है जिसके अनुसार भी यह प्रकट होता है कि श्रमिक जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित हुआ था और 31-3-83 के आरोप पत्र का श्रमिक ने कोई लिखित उत्तर नहीं दिया था। जांच अधिकारी द्वारा उक्त आरोप सुनाने व समझने के पश्चात् श्रमिक ने सभी आरोपों को स्वीकार कर लिया था। जांच रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि श्रमिक ने प्रदर्श पी-4 लगायत पी-12 छुट्टियों के प्रार्थना पत्र नियोजक को प्रस्तुत किये थे। इनमें से किसी पर भी स्वयं का घर का पता अंकित नहीं था तथा सभी प्रार्थना पत्र अवकाश उपभोग करने के उपरान्त ही पेश किये गये थे। उक्त प्रार्थना पत्र भी

81½ दिवस बाबत ही थे अर्थात् 27 दिवस बाबत अवकाश उपभोग के उपरान्त भी अवकाश स्वीकृति के प्रार्थना पत्र पेश नहीं किये गये जिसका संबंध आरोप सं. 3 से है। उक्त तथ्यों को जांच अधिकारी के समक्ष भी श्रमिक ने स्वीकार किया था। श्रमिक का एक मात्र कथन यह था कि वह अपनी पत्नी की बिमारी में व्यस्त रहने के कारण समय पर अवकाश के प्रार्थना पत्र पेश नहीं कर सका था। अवसर देने पर भी जांच के दौरान श्रमिक ने प्रति रक्षा में साक्ष्य पेश नहीं की। फलस्वरूप जांच अधिकारी ने श्रमिक पर लगाये गये सभी आरोप साबित पाये।

9. मेरी राय में भी जांच अधिकारी द्वारा निकाला गया निष्कर्ष श्रमिक की स्वीकारोक्ति पर ही आधारित था और किसी प्रकार की साक्ष्य प्रबन्धक की ओर से पेश नहीं की गई थी। मेरे समक्ष भी बहस के दौरान श्री समदरिया योग्य प्रतिनिधि प्रार्थी का यह तर्क नहीं था कि जांच प्रधिकारी का निष्कर्ष किसी साक्ष्य पर आधारित नहीं है और श्रमिक की स्वीकारोक्ति पर ही आधारित है इसलिये हस्तक्षेप योग्य हो। अभिप्रयय यह है कि जब जांच अधिकारी के समक्ष ही दुराचरणों को श्रमिक ने अपनी स्वेच्छा से स्वीकार कर लिया था तो प्रबन्धक पक्ष द्वारा साक्षी पेश करना आवश्यक था। श्रमिक ने भी अवकाश उपभोग करने के उपरान्त ही प्रदर्श 4 से प्रदर्श 12 प्रार्थना पत्र 81½ दिवस के लिये प्रस्तुत की थी इसलिए ऐसी किसी प्रतिरक्षा को भी पेश नहीं कर सकता था जिससे कोई विपरीत निष्कर्ष निकलता हो। अतः उपरोक्त समस्त कारणों से श्रमिक की स्वीकारोक्ति से तथा प्रदर्श पी-4 से प्रदर्श 12 उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों से मेरी राय में भी जांच अधिकारी द्वारा निकाला गया निष्कर्ष अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य पर ही आधारित है जिसमें हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं है।

10. श्री समदरिया योग्य प्रतिनिधि प्रार्थी का तर्क यह था कि श्रमिक ने 12-8-75 को सेवा में प्रवेश किया था और 12-2-84 को उसे सेवा मुक्त किया गया है अर्थात् उसने करीब 9 वर्ष तक नियोजक की सेवा की थी और 14-5-89 को उसका देहावसान भी हो चुका है तथा वह एक मात्र परिवार का जीविकापार्जन करने वाला सदस्य था, उसकी विधवा पत्नी, वृद्ध माता और उसकी दो अवयस्क पुत्रियां ही उसके परिवार में हैं तथा श्रमिक ने अवकाश उपभोग करने के उपरान्त 81½ दिवस का अवकाश स्वीकृत कराने बाबत प्रदर्श-4 लगायत प्रदर्श-12 प्रार्थना पत्र भी पेश कर दिये थे। 27 दिवस के अवकाश स्वीकृति हेतु ही प्रार्थना पत्र नहीं दिये थे इसलिए उक्त दुराचरण एवं श्रमिक के परिवार की उक्त परिस्थितियों को देखते हुए सेवा मुक्ति जैसा कठोर दण्ड देना अत्याधिक व अनुचित होने से अपास्त करने योग्य है। इसके विपरीत श्री एम.डी. अग्रवाल, योग्य प्रतिनिधि नियोजक का तर्क यह था कि 31-3-83 का जो आरोप पत्र दिया गया था उसके पूर्व भी श्रमिक ने अनेकों बार बिना अवकाश स्वीकृत कराये एवं बिना अनुमति लिये अवकाशों का उपभोग किया था और जिस बाबत नियोजक ने श्रमिक को भिन्न-भिन्न दण्ड भी दिये थे परन्तु फिर भी श्रमिक ने अपनी आदतों को नहीं सुधारा। अपने कथनों के समर्थन में श्री अग्रवाल ने अनेक अवसरों का उल्लेख किया है जिसके अनुसार यह श्रमिक 13-9-78 से 24-10-78 तक अनुपस्थित था जिस बाबत आरोप पत्र जारी किया गया और श्रमिक का जवाब आने पर 1-12-78 के आदेश द्वारा उसे सेन्सर का दण्ड दिया गया। तत्पश्चात् 12-12-78 से 10-2-79 तक यह श्रमिक अनुपस्थित रहा जिस बाबत आरोप पत्र दिया गया और जवाब आने पर श्रमिक को 15-5-79 के आदेश द्वारा एक स्टैप नीचे पदावनत कर दिया गया। तत्पश्चात् यह श्रमिक 25-4-79 से 28-4-79 तक अनुपस्थित रहा जिस बाबत आरोप पत्र जारी किया गया और कारण बताओ नोटिस देने के उपरान्त 25-7-79 के आदेश द्वारा श्रमिक को एक स्टैप और नीचे पदावनत कर दिया गया। इसके बाद श्रमिक 25-2-79 से 3-11-79 तक गैर हाजिर हो गया जिस बाबत 5-1-80 को एक स्टैप नीचे पदावनति का दण्ड दिया गया। 14-7-80 से 1-8-80 और 6-8-80 से 28-8-80 तक भी गैर हाजिर हो गया जिस बाबत आरोप पत्र देकर और उसका जवाब लेकर उसे 9-10-80 के आदेश द्वारा 1 वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने का दण्ड दिया गया। इस पर भी श्रमिक ने स्वयं को नहीं सुधारा और 4-2-81 तथा 3-3-81 से 1-4-81 तक 16-4-81, 24-4-81 और 27-4-81 को फिर गैर हाजिर हो गया। जिस बाबत भी आरोप पत्र जारी किया गया और जवाब आने पर श्रमिक को 4-1-82 के आदेश द्वारा 2 वार्षिक वेतन वृद्धियां स्थाई प्रभाव से रोकने का दण्ड दिया गया। नियोजक का कहना है कि उपरोक्त सभी अवधि को डायसनोन मान लिया गया फिर भी श्रमिक 26-10-82 से अनुपस्थित हो गया जिस बाबत 31-3-82 को आरोप पत्र दिया गया था। श्री समदरिया योग्य प्रतिनिधि का तर्क यह था कि 31-3-83 के पूर्व के किसी भी दण्ड का प्रयोग यह दण्ड देते समय नहीं किया जा सकता क्योंकि जांच अधिकारी की रिपोर्ट 1-8-83 में पूर्व में दिये गये उक्त किसी भी दुराचरण का एवं दण्ड का उल्लेख तक नहीं है और न ही पूर्व में दिये गये उक्त दण्ड अथवा दुराचरण से संबंधित कोई पत्र आदि जांच के दौरान जांच अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये गये थे। यहां तक कि 31-3-83 के आरोप पत्र में भी यह उल्लेख नहीं है कि इसके पूर्व में भी श्रमिक ने ऐसा ही दुराचरण किया था जिस बाबत उसे पूर्व में भी दण्डित किया गया था और फिर भी उसने स्वयं को नहीं सुधारा। 20-2-84 को जो सेवा मुक्ति का दण्ड दिया गया था उसमें भी पूर्व के दुराचरणों तथा उस पर दिये गये दण्ड का उल्लेख तक नहीं था इसलिए भी पूर्व के दुराचरणों का प्रयोग यह न्यायालय नहीं कर सकता। श्री अग्रवाल, योग्य प्रतिनिधि

नियोजक ने यह तो स्वीकार किया कि 31-3-83 के आरोप पत्र में पूर्व के दुराचरणों का उल्लेख नहीं है और न ही जांच अधिकारी की रिपोर्ट 1-8-83 में पूर्व के दुराचरण का उल्लेख है यहां तक कि 20-2-84 के आदेश में भी पूर्व के दुराचरणों का उल्लेख नहीं है। इन परिस्थितियों में मेरी राय में पूर्व के जो दुराचरण थे वे मटीरियल ऑन रिकार्ड नहीं माना जा सकता क्योंकि जांच अधिकारी के समय पूर्व के दुराचरणों के कोई आदेश आरोप पत्र अथवा कारण बताओ नोटिस की प्रतियां पेश नहीं की गई थीं और न ही उनका उल्लेख जांच अधिकारी की रिपोर्ट में पाया जाता है इसलिए 1991 ITTI एल.एल. जे. 430 पर उपलब्ध आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्याय दृष्टान्त के अनुसार पूर्व के दुराचरणों को मटीरियल ऑन रिकार्ड नहीं माना जा सकता और न ही उनका प्रयोग अब इस न्यायालय में नियोजक कर सकता है।

11. मेरे समक्ष यहां प्रश्न रहता है कि क्या 31-3-83 को लगाये गये चारों आरोपों बाबत श्रमिक को दिये गये दण्ड दुराचरण के अनुपात में है या अत्याधिक और अनुचित हैं। जैसा कि मैंने पूर्व में ही स्पष्ट किया है कि 108½ दिवस की अनुपस्थिति श्रमिक की थी जिसमें से 89½ दिवस के अवकाश स्वीकृति के प्रार्थना पत्र अवकाश उपभोग के उपरान्त श्रमिक ने पेश कर दिये थे जो प्रदर्श-4 लगायत 12 हैं और 27 दिवस के प्रार्थना-पत्र श्रमिक द्वारा पेश नहीं किये गये। श्रमिक का कथन यह था कि वह स्वयं तीव्र ज्वर से पीड़ित था जो तत्पश्चात् टायफाईड और फिर टी.बी. में परिवर्तित हो गया और उसकी पत्नी भी गंभीर रूप से बीमार थी जिसमें व्यस्त रहने के कारण प्रार्थना पत्र समय पर पेश नहीं कर सका। श्रमिक के कथनों में सत्यता का आभास होता है क्योंकि अन्ततः टी.बी. की बीमारी से ही श्रमिक की मृत्यु भी हो गई है। दुराचरण के अनुपात में ही दण्ड देने का सिद्धांत है और मक्खी को मारने के लिये रोड रोलर की आवश्यकता नहीं है। विपक्षी बीमा निगम का प्रार्थी एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था जिसकी नियुक्ति भी उसके पिता जो नियोजक के यहां अधीक्षक थे, की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने से उसके परिवार के प्रति सहानुभूतिपूर्वक रुख दिखाते हुए की गई थी और जो तपेदिक जैसे रोग से पीड़ित था तथा जिसने भी 81½ दिवस के तो अवकाश स्वीकृति के प्रार्थना पत्र पेश कर दिये थे तथा जिसके पीछे वृद्ध माता, विधवा पत्नी व दो अवयस्क पुत्रियां शेष रहती है, उसे सेवा मुक्ति जैसा कठोर दण्ड देना मामले के उपरोक्त तथ्यों और परिस्थितियों के संदर्भ में अनुचित एवं अत्याधिक है। 1987 लैब. आई.सी. 685 के न्याय दृष्टान्त में निम्न मत व्यक्त किया है :

"Dismissl from service means deprivation of bread. When an authority is conferred with the power to inflict one of several punishments, the authority must give a serious thought to the question of choice of penalty. The choice cannot be arbitrary but must depend on the nature of misconduct established in a given case. Just as a Road Roller cannot be brought to crush a fly so also the extreme penalty of dismissal cannot be inflicted which is not equally grave. The consequences of dismissal or removal from service are severe, sometimes the entire family is ruined because another job or work may not be easy to find and therefore, it is all the more necessary that the punishment of removal or dismissal should be invoked sparingly and in cases which can be described as gross, such as receiving or defalcation of public funds, behaviour which is morally reprehensible gross abuse or misuse of authority etc..."

ए.आई.आर. 1985 (एस.सी.) 772 के न्याय दृष्टान्त में भी माननीय उच्चतम न्यायालय का मत था कि :

"Right to impose penalty carries with it the duty to act justly. The power has to be exercised fairly, justly and reasonably."

हिन्दुस्तान मशीन टूल्स लि० बनाम मोहम्मद उस्मान 1981 (2) एल.एल.जे. 386 के न्याय दृष्टान्त में उच्चतम न्यायालय का मत था कि :

"Section 11 of the ID Act confers on Labour Court the powers to evaluate the severity of misconduct and to assess whether punishment imposed by the employer is commensurate with the gravity of misconduct. If the Labour Court after evaluating the gravity of misconduct held that the punishment of termination is disproportionately heavy and exercised its discretion, this Court, in the absence of any important legal provisions could not undertake to re-examine the question of adequacy or inadequacy of material for interference by Labour Court."

तत्पश्चात् जसवन्तसिंह बनाम पैप्सू रोडवेज़ 1984 लैब आई.सी. 7 के न्याय दृष्टान्त में उच्चतम न्यायालय ने, 1986 लैब.आई.सी. 938 के न्याय दृष्टान्त में गुजरात उच्च न्यायालय ने, 1988 (72) एफ.जे.आर. 22 के न्याय दृष्टान्त में आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने, 1991 (2) एल.एल.जे. 405 के न्याय दृष्टान्त में मद्रास उच्च न्यायालय ने, 1991 लैब. आई.सी. 1555 के न्याय दृष्टान्त में बॉम्बे उच्च न्यायालय ने भी यही व्यवस्था दी है कि धारा 11-ए के अन्तर्गत औद्योगिक न्यायाधिकरण मामले के तथ्यों और विशेष परिस्थितियों में नियोजक द्वारा दिये गये सेवा मुक्ति के दण्ड में हस्तक्षेप कर सकता है और सकारण उसकी जगह उचित दण्ड दे सकता है।

12. मामले के तथ्यों और परिस्थिति के संदर्भ में और उपरोक्त न्याय दृष्टान्तों में प्रतिपादित सिद्धान्तों के अनुसार मेरी राय में श्रमिक टी.सी. अग्रवाल को दिया गया सेवा मुक्ति का दण्ड अनुचित एवं अत्याधिक होने से अपास्त किया जाता है और उसकी जगह 4 वार्षिक वेतन वृद्धियां संचई प्रभाव से रोकने का दण्ड दिया जाता है। चूंकि श्रमिक की मृत्यु 14-5-89 को हो चुकी है इसलिए उसे पदस्थापित तो नहीं किया जा सकता बल्कि उसके असहाय परिवार को उसके

पद का वेतन ही दिलाया जा सकता है। अतः उपरोक्त समस्त कारणों से इस निर्देश का अधिनिर्णय निम्न प्रकार किया जाता है :

"श्री टी.सी. अग्रवाल, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की 20-2-84 से की गई सेवा मुक्ति उचित एवं वैध नहीं है तथा सेवा मुक्ति की जगह उसकी 4 वार्षिक वेतन वृद्धियां स्थाई प्रभाव से रोके जाने का ही दण्ड दिया जाता है। उक्त वेतन वृद्धियां वर्ष 1984, 1985, 1986 एवं 1987 की ही रोकी जायेंगी। श्रमिक का देहावसान 14-5-89 को हो चुका है इसलिए उसकी विधवा पत्नी, वृद्ध माता एवं दो अवयस्क पुत्रियों को ही 20-2-84 से 13-5-89 तक का वेतन ही दिलाया जाता है जो भी दण्डस्वरूप लगाई गई उपरोक्त धारा वेतन वृद्धियां काटने के उपरोक्त ही दिया जायेगा। नियोजक से यह भी आशा की जाती है कि मांडल एम्पलायर के नाते श्रमिक की जगह उसकी विधवा पत्नी अथवा अन्य किसी निकटतम सदस्य को सेवा देने की सहृदयता करेंगे। खर्चा पक्षकारान अपना-अपना वर्दाश्त करेंगे।"

3. उक्त आशय का अवार्ड पारित किया जाता है केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ अन्तर्गत धारा 17(1) अधिनियम, भेजा जाये।

जगत सिंह, पीठासीन अधिकारी

नई दिल्ली, 29 मई, 1992

का.आ.1637.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार, मै. इंडस्ट्रियल फ्यूल कम्पनी के प्रबन्धतन्त्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, (सं. 1) धनबाद के पंचपट को प्रकाशित करती है जो केन्द्रीय सरकार को 25-5-92 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल-20012(277)/89-आई.आर! (कोल-1)]
वी० के वेणुगोपालन, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 29th May, 1992

S.O. 1637.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award of the Central Government Industrial Tribunal, (No. 1), Dhanbad as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of Industrial Fuel Company and their workmen, which was received by the Central Government on 25-5-1992.

[No. L-20012(277)/89-IR(COAL-I)]
V. K. VENUGOPALAN, Desk Officer

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL NO. I, DHANBAD

In the matter of a reference under section 10(1)(d) of the Industrial Disputes Act, 1947

Reference No. 19 of 1990

PARTIES :

Employers in relation to the management of M/s. Industrial Fuel Co.

AND

Their Workmen.

PRESENT :

Shri S. K. Mitra, Presiding Officer.

APPEARANCES :

For the Employers : Shri B. Lall, Advocate, and Shri U. S. Sinha, Advocate.

For the Workmen : Shri J. P. Singh, Advocate.

STATE : Bihar. INDUSTRY : Coal.

Dated, the 18th May, 1992

AWARD

By Order No. L-20012/277/89-IR.(Coal-I), dated, the 12th February, 1990, the Central Government in the Ministry of Labour, has, in exercise of the powers conferred by clause (d) of sub-section (1) and sub-section (2-A) of section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947, referred the following dispute for adjudication to this Tribunal :

"Whether the action of the management of M/s. Industrial Fuel Co., Katras Road, Dhanbad in dismissing Shri Yogendra Kumar Rajak vide dismissal Order No. IFC/346/88, dated 21-9-88 is justified ? If not, what relief the workman is entitled to ?"

2. The case of the management of M/s. Industrial Fuel Company, as disclosed in the written statement submitted by it, details apart, is as follows :

M/s. Industrial Fuel Co. manufactures Hard Coke by coal obtained from M/s. B.C.C. Ltd. as per allocation Yogendra Kumar Rajak was entrusted by the management of Industrial Fuel Co. to do essential works. He was authorised to visit the different collieries of M/s. B.C.C. Ltd. in order to arrange speedy loading and transportation of coal to the Hard Coke Bhatta of the company situated at Bhuli, Dhanbad persuant to the Delivery Orders issued by M/s. B.C.C. Ltd. in the name of the company. Sri Rajak used to take money to meet the miscellaneous expenses for arranging speedy delivery of coal at the plant of the company from the different collieries of M/s. B.C.C. Ltd. He was being given money by the management in its confidential capacity as the work entrusted to him was very essential and in the case of non-delivery of coal in proper time, there is every likelihood of the working of the plant of the company being seriously affected. It was found that although Sri Rajak had taken Rs. 15,826 on different dates from the Cashier of the company to meet the miscellaneous expenses for arranging speedy delivery of M/s. B.C.C. Ltd., coal was not delivered at the plant and the money in question was not also accounted for by him. When he was asked to account for the money entrusted to him and state the reason, if any, for non-delivery of coal at the plant, he outrageously misbehaved with Sri N. K. Karn, Works Manager and threatened him with dire consequences. Since the matter was serious he was immediately suspended by letter dated 18-6-88. A regular chargesheet was issued to him in terms of the certified Standing Orders of the company. He was assigned on charges for (i) absence from duty without permission or information to the management, (ii) fraud and mis-appropriation of money amounting to Rs 15,826, (iii) causing financial loss to the company, (iv) riotous or disorderly behaviour or any acts subversive of discipline, (v) unlawful assembly and resorting to rowdism and (vi) threatening, abusing Sri N. K. Karn in the chamber of Mr. Karn's office at Rajendra Market under Clauses 15(5), (2), (3), (8), (29) and (18) of the certified Standing Orders of the Company. The concerned workman submitted his reply to the chargesheet denying the allegations. The management found the reply of the concerned workman unsatisfactory, decided to hold domestic enquiry and in the process appointed Sri D. K. Verma, as Enquiry Officer as there was no competent person acquainted with the procedure of hold-

ing domestic enquiry in the establishment of the management, fixed the date of enquiry and intimated the concerned workman accordingly. The concerned workman was duly informed to attend the enquiry to be held on 5-8-88. Although the concerned workman received the letter, he did not attend the enquiry. The Enquiry Officer sent another letter by Registered Post with A.D. which was duly received by the concerned workman. In terms of that letter the domestic enquiry was to be held on 17-8-88. Although he received the letter, he did not attend the enquiry. The Enquiry Officer gave him another opportunity to participate in the enquiry to defend himself. The Enquiry Officer also sent to him all relevant papers as demanded by him, by his Registered letter dated 27-8-88. He received letter of the Enquiry Officer and in terms of the letter of the Enquiry Officer the date of hearing of the domestic enquiry was fixed on 15-9-88. But the concerned workman did not attend the enquiry, and in the circumstances the Enquiry Officer held the enquiry ex parte and found him guilty of all the charges levelled against him. The disciplinary authority carefully considered the enquiry proceeding, the report of the Enquiry Officer and concurred with the finding of the Enquiry Officer. Considering all the aspect of the case, the Disciplinary Authority was constrained to pass an order of dismissal of the concerned workman from service for the proven charge of misconduct. The employers of the concerned workman are businessmen and they are concerned with smooth running of their business in proper manner. They cannot afford to retain an employee like the concerned workman who indulged in misappropriation of money entrusted to him for business purpose and flagrantly resorted to bullying tactics and indulged in abusing and manhandling the superior officer of the company. The concerned workman manifested intemperate behaviour and mentality in his letter addressed to the Asstt. Labour Commissioner (C), Dhanbad, where he falsely alleged that N. K. Karn was associated with the Maha gangs and hoodlums. He also made wild and slanderous allegations against the Company in his petition filed before the Deputy Commissioner, Dhanbad. Anyway, the management has asserted that it has rightly dismissed the concerned workman from service and that he is not entitled to get any relief in the present dispute.

3. The concerned workman has raised the dispute under Section 2-A of the Industrial Disputes Act. His case, as made out in the written statement, is as follows :

8. जहां तक गुणावगुण का प्रश्न है प्रार्थी संघ ने तो क्लेम में यह दर्ज कर दिया कि खेताराम की नियुक्ति 23-8-83 को चतुर्थ श्रेणी कर्म के पद पर की गई थी सही पर उसने 24-6-84 तक लगातार बिना किसी व्यवधान के कार्य किया था और वह एक स्थाई कर्मचारी था । उक्त तथ्यों को अप्रार्थी ने जरिये प्रत्युत्तर अस्वीकार किया है इसलिए इसे साबित करने का भार सबूत प्रार्थी संघ पर ही था । सर्वश्री खेता राम तथा राम प्यारेलाल ने अपने शपथ पत्रों में उक्त तथ्यों का जो उल्लेख किया है परन्तु इन दोनों को प्रति परीक्षा हेतु पेश नहीं किया गया इसलिए इनके शपथ पत्रों का उपयोग नहीं किया जा सकता । नियोजक की तरफ से सर्वश्री मानकचंद सोनगरा तथा दिनेश चंद शर्मा के शपथ पत्र पेश हुए हैं परन्तु इनसे श्रमिक प्रतिनिधि ने जिरह नहीं की । ऐसी कोई प्रालेखिक साक्ष्य भी अभिलेख पर प्रार्थी संघ की तरफ से पेश नहीं की गई है जिससे खेताराम का स्थाई कर्मचारी होना साबित होता हो या उसे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्त होना साबित होता हो, अथवा 23-8-83 से 24-6-85 तक लगातार सेवा करना साबित होता हो। प्रार्थी संघ द्वारा प्रस्तुत डब्ल्यू–1 लगायत डब्ल्यू–II फोटो प्रतियों को नियोजक ने एडमिट भी नहीं किया है इसलिए भी साबित किए बिना इनका प्रयोग साक्ष्य में नहीं किया जा सकता । तर्क के लिए यह मान भी लिया जाय कि डब्ल्यू–3 प्रमाण-पत्र नियोजक के स्टेशन इंजीनियर श्री पी.सी. पावा द्वारा जारी किये गये थे तो भी इसमें इतना ही दर्ज है कि 23-8-83 से 23-6-84 तक की अवधि तक जब जब आवश्यकता हुई इस श्रमिक से आकस्मिक तौर से पीओन का कार्य लिया गया है । अतः उपरोक्त समस्त कारणों से अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य से यह साबित नहीं है कि श्रमिक खेता राम ने 23-8-83 से 24-8-84 तक की अवधि में 240 दिवस की सेवा पूरी की हो।

9. क्लेम में प्रार्थी संघ ने यह दर्ज किया है कि खेताराम की सेवा मुक्ति करते समय इससे अनेक कनिष्ठ व्यक्तियों कार्य कर रहे थे । उक्त तथ्यों को नियोजक ने जरिये प्रत्युत्तर अस्वीकार किया है इसलिए इस तथ्य को साबित करने का भार सबूत भी प्रार्थी संघ पर ही था। प्रार्थी संघ ने न तो क्लेम में उन व्यक्तियों के नाम दर्ज किये जो सेवा मुक्ति के समय नियोजन में थे और श्रमिक से कनिष्ट थे और न ही शपथ पत्रों में ऐसे व्यक्तियों के नामों का उल्लेख है । सर्वश्री खेताराम व राम प्यारे लाल के शपथ पत्रों का उपयोग भी नहीं किया जा सकता क्योंकि इन्हें प्रति परीक्षा हेतु पेश नहीं किया गया इसलिए साक्ष्य के अभाव में यह तर्क भी साबित नहीं होने से स्वीकार नहीं किया जा सकता ।

10. प्रार्थी संघ ने क्लेम में यह भी दर्ज किया है कि सेवा मुक्ति के उपरान्त सर्वश्री साहिबराम, भगवानाराम व दीपचंद को नियुक्ति दी और इस श्रमिक को सूचना नहीं दी गई । इस तथ्य को भी नियोजक ने अस्वीकार किया है । नियोजक के अनुसार ये व्यक्ति भी खेताराम के साथ ही समय-समय पर आवश्यकता पड़ने पर बतौर आकस्मिक श्रमिक दैनिक वेतन पर नियोजित रखे गये थे। इसलिए साक्ष्य के अभाव में यह भी साबित नहीं है कि सेवामुक्ति के उपरांत इन व्यक्तियों को नियोजित किया गया हो ।

11. तथ्यों और विधि के उपरोक्त समस्त कारणों से इस निर्देश का अधिनिर्णय निम्न प्रकार किया जाता है :

"श्रमिक खेता राम को 24-6-84 से सेवा मुक्ति करना उचित एवं वैध है और यह श्रमिक किसी राहत का अधिकारी नहीं है।"

12. अवार्ड की प्रति केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ अन्तर्गत धारा 17(1) अधिनियम के पठाई जावे ।

जगत सिंह, पीठासीन अधिकारी

नई दिल्ली, 27 मई, 1992

का. आ. 1650—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार पी. एंड टी डिपार्टमेंट कोटा के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद औद्योगिक अधिकरण जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 25-5-92 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल – 23/8/86–कान. I/डी- 2 (बी) (पी टी)].

बी एम. डेविड, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 27th May, 1992

S.O. 1650.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of P&T Department Kota and their workmen, which was received by the Central Government on 25-5-92.

[No. 23/8/86-Con.I/D.II(B)(Pt.)]
B. M. DAVID, Desk Officer

अनुबंध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर ।

केस नं. सी आई. टी. 73/87

केन्द्र सरकार श्रम मंत्रालय की अधिसूचना संख्या :
एल : 23 (8)/86 – कान. 1/डी. II (बी) दि. 2-9-87

मांगीलाल पुत्र श्री रामलाल, मार्फत हिन्द मजदूर सभा बंगाली कालोनी, छबनी, कोटा ।

बनाम

दी डिवीजनल इंजीनियर, टेलीफोन्स, पी एण्ड टी डिपार्टमेंट, कोटा

उपस्थिति

माननीय न्यायाधीश श्री जगत सिंह, आर. एच. जे. एस.
श्रमिक पक्ष की ओर से : श्री एफ. खान
नियोजक पक्ष की ओर से : श्री यू. डी. शर्मा
दिनांक अवार्ड : 24-10-91

अवार्ड

केन्द्र सरकार ने निम्नलिखित विवाद इस न्यायाधिकरण को वास्ते अधिनिर्णय अपनी अधिसूचना संख्या : एल 23 (8)/86 – कान. 1/डी II (बी) दिनांक 2-9-87 के द्वारा औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 10 (1) (डी) के अन्तर्गत प्रेषित किया है –

"Whether the action of the management of Divisional Engineer, Telephones, Kota in terminating Shri Mangilal from service with effect from 1-1-1985 is legal and justified ? If not, to what relief is the concerned workman entitled ?"

2– प्रार्थी मांगीलाल, जिसे तत्पश्चात् श्रमिक सम्बोधित किया गया है, ने क्लेम प्रकट किया कि उसकी प्रथम नियुक्ति दिनांक 1-6-83 से केजुअल मजदूर के पद पर एस. डी. ओ. फोन्स, सब–डिवीजन–II, कोटा, के यहां की तीन माह पश्चात् उसे एस. डी. ओ. फोन्स सब–डिवीजन –I कोटा में स्थानान्तरित कर दिया जहां पर उसकी 1-1-85 से छंटनी कर दी गई। श्रमिक कहता है वह एक ईमानदार, मेहनती, कर्तव्य-निष्ठ एवं आज्ञाकारी रहा है तथा उसने 1-6-83 से 31-12-84 तक निरन्तर कार्य किया है उसे छंटनी से पूर्व 10 दिवस की अवधि का ही नोटिस दिया गया था तथा छंटनी भत्ता नहीं दिया गया इसलिए नियोजक के धारा 25 (एफ) के प्रावधानों की अवहेलना की है। श्रमिक यह भी कहता है कि छंटनी से पूर्व वरिष्ठता सूची का प्रकाशन नहीं किया गया और छंटनी के पूर्व उससे कनिष्ठ कई कर्मचारी नियोजन में मौजूद थी इसलिए उसे लास्ट कम फर्स्ट गो सिद्धान्त की अवहेलना करके निकाला गया है और धारा 25 (जी) की अवहेलना की है। श्रमिक की प्रार्थना है कि सेवा मुक्ति आदेश अपास्त किया जाये और उसे नौकरी में बहाल करते हुए सेवा मुक्ति का वेतन व सभी लाभ दिलाए जायें।

3– अप्रार्थी नियोजक ने जरिए प्रति उत्तर कहा है कि श्रमिक की प्रथम नियुक्ति एस. डी ओ. फोन्स –II, कोटा में बतौर केजुअल वर्कर 1-7-83 से की गई थी जहां पर उसने 30-9-83 तक नौकरी की है तत्पश्चात श्रमिक स्वयं सब–डिवीजन फोन्स कोटा के यहां सेवा करने चला गया, उसका स्थानान्तरण नहीं किया गया। दिनांक 1-11-83 से 30-6-84 तक श्रमिक ने एस. डी. ओ. फोन्स –I, कोटा के यहां सेवा की है। नियोजक का कहना है सब-डिवीजन फर्स्ट और सब–डिवीजन सैकिण्ड अलग तथा स्वतंत्र सब डिवीजन हैं जिनको अलग-अलग केजुअल लेबर नियोजित करने का अधिकार है। नियोजक के अनुसार नोटिस की अवधि 1-12-84 से प्रारम्भ हो गई थी और 31-12-84 तक थी जो पूरे माह का होने के नाते धारा 25 (एफ) के अनुरूप था । नियोजक के अनुसार हालांकि स्थापित विधि के अनुसार नोटिस देना आवश्यक नहीं था क्योंकि श्रमिक ने 240 दिवस की सेवायें एक कलेण्डर वर्ष में पूरी नहीं की थी। फिर भी सद्भावना तथा औद्योगिक शांति एवं भाईचारा के अनुरूप अने. आर –I नोटिस दिया गया था जो एक माह की अवधि का था। नियोजक यह भी कहते हैं कि उक्त नोटिस द्वारा श्रमिक का आह्वान किया गया था कि वह दिनांक 1-1-85 को सब–डिवीजन फर्स्ट कोटा में उपस्थित होकर अपनी बकाया राशि प्राप्त कर ले परन्तु श्रमिक उपस्थित नहीं हुआ इसलिए नियोजक को राशि की अदायगी करने के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। नियोजक यह भी कहता है कि उन्होंने अपने पत्र अने – आर – 2 दिनांक 29-8-85 द्वारा रेलवे इलेक्ट्रीफिकेशन (टेलीकाम) में अन्य पद के लिए श्रमिक का आह्वान किया था जो श्रमिक ने अस्वीकार कर दिया इसलिए भी श्रमिक अब किसी भी लाभ का अधिकारी नहीं है। नियोजक के अनुसार आकस्मिक श्रमिकों की वरिष्ठता सूची नियमानुसार तैयार की गई थी तथा लास्ट कम फर्स्ट गो के सिद्धान्त की पालना की गई है। श्रमिक यह नहीं बता पाया कि उससे किस कनिष्ठ व्यक्ति को नियोजन में रखा गया है।

4– अपने कथनों को साबित करने के लिए श्रमिक मांगीलाल ने स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत कर सत्यापित कराया जिससे नियोजक प्रतिनिधि ने जिरह की और प्रलेखिक साक्ष्य में प्रदर्श डब्ल्यू – I लगायत डब्ल्यू -II फोटो प्रति पेश की, इसके विपरीत नियोजक की तरफ से श्री हरिप्रसाद गुप्ता उप मण्डल अधिकारी का शपथ पत्र पेश किया गया है जिससे श्रमिक प्रतिनिधि ने जिरह की है, तत्पश्चात् मैंने पत्रावली का निरीक्षण किया और पक्षकारों के प्रतिनिधियों को विस्तारपूर्वक सुना।

5– मुख्य विवादक बिन्दु यह है कि क्या श्रमिक ने एक कलेण्डर वर्ष में 240 दिवस सेवा पूरी की है। श्रमिक का कहना है कि उसने दिनांक 1-6-83 से 31-12-84 तक निरन्तर कार्य किया है जबकि नियोजक का कहना है कि श्रमिक ने सब-डिवीजन सैकिण्ड कोटा में दिनांक 1-7-83 से 30-9-83 तक कार्य किया है और तत्पश्चात् सब-डिवीजन फर्स्ट कोटा में 1-11-83 से 30-6-84 तक कार्य किया है। नियोजक के इस कथन को स्वीकार कर भी लिया जाए कि सब-डिवीजन फर्स्ट और सब-डिवीजन सैकिण्ड पृथक-पृथक अपने में स्वतंत्र इकाई हैं तो भी इससे विशेष अन्तर नहीं पड़ता क्योंकि सब डिवीजन सैकिण्ड में श्रमिक ने जो सेवा की है उसी का साक्ष्य का विश्लेषण करके निष्कर्ष निकाला जा रहा है।

नियोजक के अनुसार सब-डिवीजन फर्स्ट में श्रमिक ने 1-11-83 से 30-6-84 तक सेवा की है। ऐसा ही कथन हरिप्रसाद गुप्ता नियोजक साक्षी ने अपने शपथ पत्र की चरण सं. 4 और 6 में किया है जबकि श्रमिक ने अपने शपथ पत्र में कहा है कि उसने सब डिवीजन फर्स्ट में 1-10-83 से 31-12-84 तक कार्य किया है। पक्षकारों का मौखिक साक्ष्य की विश्वसनीयता आंकने हेतु उनके द्वारा प्रस्तुत प्रलेखिक साक्ष्य का विश्लेषण करना आवश्यक है। प्रदर्श डब्ल्यू-1 अक्तूबर 83 की मस्ट्रोल की फोटो प्रति है जो नियोजक ने ही न्यायालय के आदेश से प्रस्तुत की है। इसके अनुसार भी मांगीलाल ने अक्तूबर 83 में 27+4 दिवस कार्य किया है अर्थात् 31 दिवस की उसकी हाजरी लगी हुई है। अभिप्राय यह है कि 27 दिवस तो उसने कार्य किया है और इसके अलावा चार रविवारीय अवकाश का उसे लाभ दिया गया है। नियोजक ने क्लेम के प्रति उत्तर में तो 1-11-83 से ही सब-डिवीजन फर्स्ट में कार्य करना बताया है जबकि नियोजक की ही मस्ट्रोल प्रदर्श डब्ल्यू-1 के अनुसार अक्तूबर-83 में भी इस श्रमिक ने 31 दिवस कार्य किया है। इस विषय में प्रतिपरीक्षा करने पर नियोजक साक्षी हरि प्रसाद गुप्ता कहते हैं प्रदर्श डब्ल्यू-1 के हिसाब से भी मांगीलाल ने 27+ 4 कुल 31 दिवस और कार्य किया है। इस प्रकार श्रमिक के

कथनों में सत्यता का आभास होता है कि उसने सब डिवीजन कर्म कोटा में दिनांक 1-10-83 से कार्य किया था। नवम्बर 83 की मस्ट्रोल डब्ल्यू-5 है, जिसके अनुसार मांगीलाल ने 26+4 दिवस कार्य किया है। दिसम्बर 83 की मस्ट्रोल की फोटो प्रति डब्ल्यू – 6 है जिसके अनुसार मांगीलाल ने 27+7 दिवस कार्य किया है। प्रदर्श डब्ल्यू –7 जनवरी 84 की मस्ट्रोल है जिसके अनुसार भी मांगीलाल ने 27+4 दिवस कार्य किया है। प्रदर्श डब्ल्यू – 8 फरवरी 84 की मस्ट्रोल है जिसके अनुसार मांगीलाल ने 25+4 दिवस कार्य किया है, मार्च 84 की मस्ट्रोल डब्ल्यू–2 है जिसके अनुसार मांगीलाल ने 24+4 दिवस कार्य किया है, प्रदर्श डब्ल्यू-9 मस्ट्रोल अप्रैल 84 की है जिसके अनुसार मांगीलाल ने 26+4 दिवस कार्य किया है, प्रदर्श डब्ल्यू – 10 मस्ट्रोल मई 84 की है, जिसके अनुसार मांगीलाल ने 18+3 दिवस कार्य किया है। प्रदर्श डब्ल्यू 11 मस्ट्रोल जून 84 की है जिसके अनुसार मांगीलाल ने 22+3 दिवस कार्य किया है। जून 84 की मस्ट्रोल न्यायालय के आदेश के बावजूद भी नियोजक ने पेश नहीं की और न ही कोई उचित कारण बताया। इस विषय में 26-11-88 की आदेशिका महत्वपूर्ण है। जिसके अनुसार अक्तूबर 83 से दिसम्बर 85 तक की मस्ट्रोल पेश करने का आदेश दिया गया था। नियोजक से अपेक्षा थी कि वह जून 84 के बाद की भी मस्ट्रोल की फोटो प्रति पेश करता चाहे उक्त मस्ट्रोल में श्रमिक का नाम हो नहीं होता। तर्क के लिए यह मान भी लिया जाये कि श्रमिक ने जून 84 के बाद नियोजक के यहां सेवा नहीं की तो भी इससे नियोजक को कोई लाभ नहीं मिलता क्योंकि अक्तूबर 83 से जून – 84 तक की अवधि में जिनकी फोटो प्रतिलिपि पत्रावली पर प्रस्तुत है, से भी श्रमिक ने 256 दिवस सेवा कर ली थी इसलिए भी श्रमिक धारा 25 (एफ) के लाभ का अधिकारी था।

6– नियोजक प्रतिनिधि ने बहस के दौरान एक तर्क प्रस्तुत किया कि प्रदर्श एम – 1 नोटिस द्वारा श्रमिक की सेवा मुक्ति दिनांक 31-12-84 से की गई है इसलिए न्यायालय को दिनांक 1 जनवरी, 84 से 31-12-84 तक की अवधि में श्रमिक द्वारा कार्य करना भी देखना होगा। मैं नियोजक के उक्त तर्क से सहमत नहीं हूं। मेरी राय में सेवा मुक्ति से पूर्व कभी भी अगर किसी श्रमिक ने किसी भी 12 महीने में 240 दिवस की सेवा पूरी कर ली है तो उसे धारा 25 (एफ) के अन्तर्गत छंटनी भत्ता देना अनिवार्य है। यह उल्लेखनीय है कि जब नियोजक के कथनानुसार जून 84 के बाद श्रमिक ने सेवा नहीं की तो उसकी सेवा मुक्ति 31-12-84 से करने का कोई कारण नहीं था। अगर नियोजक प्रतिनिधि का तर्क मान लिया जाये तो प्रत्येक चतुर नियोजक श्रमिक की अनुपस्थिति लगाकर और उसके एक वर्ष उपरान्त सेवा मुक्ति आदेश पारित कर देगा तथा उसे औद्योगिक विवाद अधिनियम के प्रावधानों से वंचित कर देगा। अतः उपरोक्त समस्त कारण से मेरी राय में इस श्रमिक ने जून 84 को समाप्त हुए एक कलेण्डर वर्ष में 240 दिवस से अधिक सेवा पूरी कर ली थी और वह धारा 25 (एफ) के अनुसार छटनी भत्ते का अधिकारी था। 30 दिवस का नोटिस अथवा नोटिस एवज में एक माह के वेतन का भी अधिकारी था। तर्क के लिए यह मान भी लिया जाये कि नियोजक ने प्रदर्श एम – 1 नोटिस एक माह का दिया था तो भी छंटनी भत्ता नहीं दिया गया इसलिए भी धारा 25 (एफ) के विपरीत छंटनी की गई है जो स्वतः अनुचित एवं अवैध है।

7– यह उल्लेखनीय है कि प्रदर्श एम – 1 पत्र जारी करने की तारीख दिनांक 22-11-84 है परन्तु श्रमिक को यह कब प्राप्त हुआ इस बाबत नियोजक की तरफ से न तो कोई ए. डी. रसीद पेश की गई है और न ही ऐसा कोई मौखिक साक्ष्य जिससे यह साबित हो कि यह दिनांक 31-12-84 से एक माह पूर्व श्रमिक को प्राप्त हो गया था जब श्रमिक ने अपने क्लेम में ही यह दर्ज कर दिया था कि उसे नोटिस 10 दिवस की अवधि का ही मिला है तो नियोजक पर यह भारी सबूत था कि वह अपनी साक्ष्य से साबित करता कि श्रमिक को एक माह का नोटिस दे दिया गया था। अतः पूरे एक माह का नोटिस श्रमिक को देना ही साबित नहीं है।

8– जहां तक वरिष्ठता सूची बनाने का प्रश्न है हालांकि क्लेम के प्रति उत्तर में तो नियोजक ने कहा है कि नियमानुसार वरिष्ठता सूची बनाई गई थी जिस तथ्य को श्रमिक ने अस्वीकार किया है। तथाकथित वरिष्ठता की सूची न तो न्यायालय में पेश की गई और न ही वरिष्ठता सूची बाबत श्रमिक मांगीलाल से प्रतिपरीक्षा में सुझावात्मक प्रश्न किये गये। नियोजक साक्षी हरिप्रसाद गुप्ता प्रतिपरीक्षा में स्वीकार करता है कि रिट्रेन्च के समय वरिष्ठता सूची नहीं बनाई थी। अगर वास्तव में कोई वरिष्ठता सूची छंटनी के पहले बनाई गई थी तो उसकी प्रतिलिपि न्यायालय में पेश की जानी चाहिए थी अतः धारा 25 (जी) एवं नियम 77, 78 की अवहेलना की गई है।

9– तथ्यों और विधि के उपरोक्त समस्त कारणों से दिनांक 1-1-85 के आदेश को कायम नहीं रखा जा सकता, इसे अनुचित एवं अवैध घोषित करते हुए अपास्त किया जाता है और इस निर्देश का अधिनिर्णय निम्न प्रकार से किया जाता है :

श्रमिक मांगीलाल की सेवा मुक्ति का आदेश दिनांक 1-1-85 विधिवत एवं उचित नहीं है और इस श्रमिक को सेवा में नियोजित घोषित करते हुए इसे उक्त पद का वेतन व अन्य सभी लाभ दिलाये जाते हैं। सेवा की निरन्तरता भी कायम रखी जाती है, अगर नियोजक अन्दर तीन माह इस श्रमिक को उक्त अवधि का वेतन व अन्य सभी लाभ अदा नहीं करेगा तो मिलने वाली राशि पर 12 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज भी अदा करेगा। 100 रु. खर्चा मुकदमा भी दिलाया जाता है। उक्त आशय का अवार्ड पारित किया जाता है, जिसे प्रकाशनार्थ केन्द्र सरकार को अन्तर्गत धारा 17 (1) अधिनियम भेजा जाये।

जगत सिंह, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 27 मई, 1992

का.आ 1651:—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार वैस्टर्न रेलवे अजमेर के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 25-5-92 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-41012/36/84–डी 2(बी) (पीटी)]

बी. एम. डेविड, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 27th May, 1992

S.O. 1651.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Western Railway, Ajmer and their workmen, which was received by the Central Government on 25-5-92

[No L-41012/36/84-D.II(B)(Pt.)]

B. M. DAVID, Desk Officer

अनुबंध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी.आई.टी. 1/86

केन्द्र सरकार श्रम मंत्रालय की अधिसूचन संख्या: एल. 41012(36)/84-डी. 2(बी)

दिनांक 26-12-85

श्री नरेश कुमार ए/10/4, सर्वी, रेलवे कोलोनी, न्यू कांडला, कच्छ

बनाम

दी डिवीजनल रेलवे मैनेजर, वेस्टर्न रेलवे,
अजमेर (राज.)
उपस्थिति

माननीय न्यायाधीश श्री जगत सिंह, आर.एच.जे.एस.
श्रमिक पक्ष की ओर से: श्री एम. एफ. बेग
नियोजक पक्ष की ओर से: श्री बी. एस. माथुर
दिनांक अवार्ड: 17-7-91

अवार्ड

केन्द्र सरकार ने निम्न विवाद इस न्यायाधिकरण को अन्तर्गत धारा 10(1)(डी) औ. वि. अधिनियम 1947 अधिनिर्णय हेतु अपनी अधिसूचना सं. एल 41012(36) 84-डी. II(बी) दिनांक 26-12-1985 के द्वारा प्रैषित किया है--

"Whether the action of the management of Divisional Railway Manager, Western Railway, Ajmer in dismissing Shri Naresh Kumar, Cabinman from service w.e.f 18-7-1983 is justified ? If not, to what relief is Shri Naresh Kumar Cabinman entitled ?"

2. प्रार्थी नरेश कुमार जिसे तत्पश्चात श्रमिक सम्बोधित किया गया है ने जरिये क्लेम प्रकट किया कि उसे नियोजक ने एक आरोप पत्र दिनांक 26-8-82 को जारी किया जिसमें 23-7-82 को कार्य से अनुपस्थिति का आरोप लगाया गया था और यह भी आरोप था कि उस रोज श्रमिक काण्डला पोर्ट और गांधीधाम के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तथा आल इण्डिया शन्टिंग केबिन और यातायात स्टाफ एसोशियेशन के सदस्यों को अपनी विभिन्न मांगों के लिए प्रशासन पर दबाव डालने हेतु उन्हें उकसाने हेतु गया था। श्रमिक कहता है उसने उक्त आरोप पत्र का स्पष्ट रूप से उत्तर दिया था कि वह दिनांक 23-7-82 को काण्डलापोर्ट और गांधीधाम नहीं गया न ही किसी को उकसाया बल्कि उस रोज उसकी ड्यूटी 8 बजे से बीस बजे की शिफ्ट में थी और वह 17.15 बजे से 20 बजे तक अनुपस्थित नहीं था बल्कि अस्वस्थ हो जाने के कारण रेलवे डाक्टर के उपलब्ध न होने की स्थिति में प्राईवेट डाक्टर के पास उपचार हेतु गया था और एक दिन रेस्ट करने हेतु प्रमाण पत्र दिया था। तथा केबिन की चाबी और चार्ज तुफानी राम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को देकर गया था। श्रमिक कहता है उक्त स्पष्टीकरण के उपरांत भी नियोजक ने नियमों के विपरीत जांच कार्यवाही कर उसे सेवा मुक्त किया है तथाकथित जांच कार्यावाही भी प्रोपर एवं फेयर नहीं है और सेवा मुक्ति उपरांत से वह बेरोजगार बैठा है। इसलिए सेवा मुक्ति आदेश अपास्त किया जाये।

3. अप्रार्थी नियोजक ने जरिये प्रतिउत्तर श्रमिक के कथनों को अस्वीकार किया है और कहा है कि दिनांक 23-7-82 को श्री नरेश कुमार केबिनमैन ने जानबूझकर तथा नियोजक से अनुमति लिये बिना ड्यूटी से गैर हाजिर हो गया उस रोज उसकी ड्यूटी 8 बजे से 20 बजे तक थी तथा करीब 17 बजे उसने तीन घण्टे की छुट्टी के लिए निवेदन किया था परन्तु उसे अनुमति नहीं दी गई इस पर भी वह कार्य से अनुपस्थित हो गया। वास्तव में वह बीमार नहीं था बल्कि उक्त अवधि में काण्डला पोर्ट और गांधी धाम के क्लास फोर्थ तथा शन्टिंग केबिन और यातायात स्टाफ एसोशियेशन के सदस्यों को उकसाने गया था जिस बाबत काण्डला पोर्ट के सुपरिटेंडेन्ट की रिपोर्ट अने. 4 पेश है इसलिए श्रमिक के विरुद्ध आरोप पत्र जारी कर नियमानुसार जांच कराकर दण्ड दिया गया है।

4. दिनांक 5-4-89 के आदेश के अनुसार श्रमिक प्रतिनिधि ने घरेलू जांच प्रोपर एवं फेयर होना स्वीकार किया था। उक्त विषय का उल्लेख आदेशिका में पाया जाता है इसलिए तत्कालीन अधिकारी ने कराई गई घरेलू जांच को प्रोपर एवं फेयर माना।

5. मैंने जांच पत्रावली का निरीक्षण किया और पक्षकारों के प्रतिनिधियों को विस्तार पूर्वक सुना। मुझे यह देखना है कि नियोजक द्वारा कराई गई घरेलू जांच में ली गई साक्ष्य से श्रमिक पर लगाये गये आरोप साबित हैं अथवा नहीं? और नियोजक द्वारा दिया गया दण्ड अनुचित एवं अत्यधिक तो नहीं है।

6. जांच पत्रावली के अनुसार श्रमिक पर दो आरोप थे। एक तो 17.15 बजे से 20 बजे तक अनुपस्थिति का और दूसरा काण्डला पोर्ट एवं गांधी धाम पर क्लास फोर्थ स्टाफ तथा शण्टिंग केबिन एवं ट्रेफिक एसोसियेशन के स्टाफ को उकसाने का था। जांच अधिकारी ने ही आरोप सं. 2 साबित नहीं पाया इस लिए आरोप सं. 1 बाबत ही जांच में ली गई साक्ष्य का विश्लेषण करना आवश्यक होगा।

7. आरोप सं. 1 साबित करने के लिए नियोजक की तरफ से सर्व श्री आशाराम चौधरी, एन.एम. गुप्ता, प्रताप, माधुराम, मोहन पंजवानी के बयान कराये है। इसके विपरीत श्रमिक नरेश कुमार ने स्वंय का अपना बयान कराया है। श्रमिक का कथन यह है कि उस रोज वह 17.15 बजे से 20 बजे तक बीमारी की वजह से अनुपस्थित हुआ था और उसकी छुट्टी की अर्जी भी स्वीकृत नहीं हुई तथा रेलवे डाक्टर के उपलब्ध न होने से उसने प्राईवेट डाक्टर से उपचार करवाया जबकि नियोजक के कथन यह है कि वास्तव में श्रमिक बीमार नहीं हुआ बल्कि हड़तालो कर्मचारियों को उकसाने के लिए काण्डला पोर्ट व गांधी धाम गया। मुझे यह देखना है कि किस पक्षकार के कथन में सत्यता का आभास होता है।

8. नियोजक साक्षी आशाराम चौधरी अपनी प्रतिपरीक्षा में स्वीकार करता है कि वह 10 बजे से 18 बजे तक स्टेशन पर ड्यूटी पर था, 17.15 बजे के करीब नरेश कुमार "ए" केबिन पर ड्यूटी कर रहा था उसने कहा तबीयत ठीक नहीं है अस्पताल जाना चाहता है मैंने उसको कहा मिक मेनो ले लो या एस.एम. साहब से पूछ लो। प्रतिपरीक्षा में साक्षी कहता तत्पश्चात है वह एस. एम. साहब के पास गया था वहां पर बाबू पी.के. हंस बोला नरेश कुमार छुट्टी चाहता

है क्योंकि उसकी तबियत खराब है परन्तु ए.एस.एम. साहब यहां नहीं हैं और मना करके गये हैं कि सिकमिमो किसी को नहीं देना। नियोजक साक्षी एन.एम. गुप्ता इस आरोप से संबंधित साक्षी नहीं है। नियोजक साक्षी प्रताप भी किसी प्रकार के कथन साबित नहीं करता। नियोजक माधूराम भी इस आरोप से संबंधित साक्षी नहीं है। जबकि नियोजक साक्षी मोहन पंजवानी का कहना है कि दिनांक 23-7-82 को नरेश कुमार ने 17 बजे से 20 बजे तक तीन घण्टे की परमीशन मांगी थी। श्री हंस क्लर्क ने इससे कहा कि एस.एस. साहब या ए. एस. एम आन ड्यूटी की परमीशन के बिना नहीं जाये। नियोजक की उपरोक्त साक्ष्य से भी यही निकला कि नरेश कुमार ने 17 बजे से 20 बजे तक तीन घण्टे की परमीशन मांगी थी जो उसे नहीं दी गई। श्रमिक ने पेट में दर्द होना और अस्वस्थ होना बताया था। मेरी राय में नियोजक से अपेक्षा थी कि वे श्रमिक को तीन घण्टे की अनुमति देते क्योंकि तर्क के लिए मान भी लिया जाये कि श्रमिक अस्वस्थ नहीं था और संघ के कार्य हेतु जाना चाहता था तो भी मोडल एम्पलोयर की हैसियत से श्रमिक को अनुमति देनी अपेक्षित थी, अतः मेरी राय में ली गई घरेलू साक्ष्य से भी आरोप सं. 1 साबित नहीं है और उक्त आरोप पर श्रमिक को दिया गया दण्ड भी आरास्त किया जाता है। सेवा मुक्ति अवधि में श्रमिक कहीं नियोजित नहीं रहा है इस लिए पूरे वेतन का अधिकारी है और इस निर्देश का अविलंब निम्न प्रकार से किया जाता है;

श्रमिक नरेश कुमार केबिन मैन को दिनांक 18-7-83 से सेवा मुक्ति करना उचित एवं वैध नहीं है और सेवा मुक्ति आदेश आरास्त किया जाता है तथा इसे केबिन मैने के पद पर नियोजित घोषित किया जाता है और उक्त पद के वेतन व अन्य सभी लाभ दिलाये जाते हैं। इसकी सेवायें निरन्तर मानी जायगी। 100 रु. खर्चा मुकदमा दिलाया जाता है। अगर नियोजक उक्त राशि अन्दर तीन माह में अदा नहीं करेगा तो उसे मिलने वाली राशि पर 12 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज भी अदा करेगा। उक्त आशय का पंचाट पारित किया जाता है जिसे वास्ते प्रकाशनार्थ केन्द्र सरकार को अन्तर्गत धारा 17 (1) अधिनियम भेजा जाय।

जगत सिंह, न्यायाधीश

नई दिल्ली, दिनांक 27 मई, 1992

का.आ. 1652:—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार, दरीबा कापर प्रोजेक्ट अलवर के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 26-5-92 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल-43012/30/87-डी-III (बी)]
बी.एम. डेविड, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 27th May, 1992

S.O. 1652.—In pursuance of section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Central Government Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Dariba Copper Project, Alwar and their workmen, which was received by the Central Government on 26-5-1992.

[No L-43012/30/87-D.III(B)]
B. M DAVID, Desk Officer

अनुबन्ध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

के. नं. सी.आई.टी: 21/1988

रैफरैंस : भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेश क्रमांक एल-43012/30/87-डी-III (बी) दिनांक 9-3-88

कापर प्रोजेक्ट मजदूर यूनियन, अलवर।

--प्रार्थी

बनाम

दरीबा कापर प्रोजेक्ट, अलवर

-अप्रार्थी

उपस्थित

माननीय श्री जगतसिंह जी, आर०एच०जे०एस०

प्रार्थी के ओर से : श्री एम.एफ. बेग
अप्रार्थी की ओर से : श्री मनोज कुमार शर्मा
दिनांक अवार्ड : 4 मार्च, 1992

अवार्ड

श्री काशीनाथ प्रार्थी स्वयं मय प्रतिनिधि श्री एम.एफ. बेग यूनियन की ओर से उपस्थित हैं श्री मनोज कुमार शर्मा विपक्षी की ओर से उपस्थित है। पक्षकारान के प्रतिनिधियों ने एक बाहरी समझौता पेश किया जिसे तस्दीक किया गया। पक्षकारों की प्रार्थनानुसार इस प्रकरण में समझौते के आधार पर अवार्ड पारित किया जाता है। समझौता अवार्ड का अंग रहेगा। अवार्ड की प्रति केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ नियमानुसार पठाई जावे।

जगत सिंह, पीठासीन अधिकारी

नई दिल्ली, दिनांक 27 मई, 1992

का.आ. 1653:—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, एस.डी.ओ (टी) सूरतगढ़ के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 25-5-92 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-40012/64/89-डी-2 (बी) (Pt.)]
बी.एम. डेविड, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 27th May, 1992

S.O. 1653.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of SDO(T) Suratgarh and their workmen, which was received by the Central Government on 25-5-1992.

[No L-40012/64/89-D II(B)(Pt.)]
B. M DAVID, Desk Officer

अनुबन्ध

केन्द्रीय औद्योगिक प्राधिकरण, जयपुर,

केस नं० सी०आई०टी० 9/90

केन्द्र सरकार श्रम मंत्रालय की अधिसूचना संख्या एल-40012/64/89-आई आर. (डी-यू) दि. 15-1-90 जनरल सैक्रेटरी, भारतीय मजदूर संघ, जे. सी.टी. मिल्स के मामले, श्री गंगानगर।

बनाम

सब डिवीजनल ऑफिसर (टेलीफोन) सूरतगढ़।

उपस्थिति

माननीय न्यायाधीश श्री जगत सिंह, आर.एच.जे.एस.

यूनियन की ओर से : श्री जयबीर सिंह

नियोजक की ओर से : श्री ए०डी० शर्मा

दिनांक अवार्ड : 13-2-92

अवार्ड

केन्द्र सरकार ने निम्नलिखित विवाद इस न्यायाधिकरण को वास्ते अधिनिर्णय हेतु अपनी अधिसूचना सं. एल-40012/64/89 आई.आर. (डीयू) दिनांक 15-1-90 के द्वारा औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 10 (1) (घ) के अंतर्गत प्रेषित किया है—

"Whether the action of the management of SDO(T) Suratgarh is justified in terminating the services of Sh. Arjun Singh Casual Labour from 1-7-88 ? If not to what relief is the workman entitled ?"

2. प्रार्थी अर्जुन सिंह जिसे तत्पश्चात् श्रमिक सम्बोधित किया गया है, ने जरिये क्लेम प्रकट किया कि उसकी नियुक्ति 4-8-81 को दैनिक वेतनभोगी श्रमिक के स्थाई व स्वीकृत पद पर की गई थी और उसने बिना किसी व्यवधान के 30-6-88 तक कार्य किया था। 30-6-88 को प्रतिवादी पक्ष द्वारा सेवा से पृथक किया गया। श्रमिक कहता है कि उसने हमेशा ईमानदारी, निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों को निभाया था और नियोजक को कभी भी अनुशासनिक कार्यवाही नहीं करनी पड़ी। श्रमिक का कहना है कि संस्थान में जब वह कार्यरत था तभी वह अस्वस्थ हो गया उसे डाक्टर के पास ले जाया गया जिसने पूर्ण इलाज कराने व आराम करने की सलाह दी और वह 1-5-84 से 17-11-84 तक उपचारार्थ रहा उक्त अवधि का चिकित्सा प्रमाणपत्र बीमारी का उसने नियोजक को भेज दिया था तत्पश्चात् भी उसका इलाज जारी रहा और 18-11-84 से 18-11-85 तक की अवधि का भी उसने बीमारी का प्रमाणपत्र नियोजक को भेजा था परन्तु फिर भी वह ठीक नहीं हुआ और दिनांक 19-5-85 से 1-5-86 उसके बाद 1-5-85 से 2-12-86 और अंतिम बार 2-12-86 से 28-12-86 तक भी वह उपचार में रहा था और उक्त अवधि में मेडिकल प्रमाणपत्र भी उसने स्वयं हाजिर होकर नियोजक को पेश कर दिया है श्रमिक कहता है कि नियोजक ने उक्त प्रमाणपत्रों स्वीकार कर लिया और 1-7-88 का ड्यूटी ज्वाईन करवा दी तथा पूर्व की भांति वह अपनी ड्यूटी अंजाम देने लग गया परन्तु फिर भी उसे अचानक दिनांक 1-8-88 को सेवा पृथक कर दिया। श्रमिक कहता है कि उसने प्रतिवर्ष 240 दिवस से अधिक ड्यूटी की थी परन्तु फिर उसे धारा 25 (एफ) के प्रावधानों का लाभ नहीं दिया अर्थात् न तो नोटिस दिया न नोटिस की एवज में एक माह का वेतन दिया गया न ही छटनी भत्ता दिया गया। श्रमिक यह भी कहता है कि छंटनी के पूर्व में कोई वरिष्ठता सूची तैयार नहीं की गई और न ही पीछे आओ पहले जाओ के सिद्धान्त की पालना की गई इसलिए नियोजक द्वारा धारा 25-एफ, जी., एच एवं नियम 77 की अवहेलना की गई है और सेवा मुक्ति अवैध एवं अनुचित होने से वह सवेतन नियोजित होने का अधिकारी है।

3. अप्रार्थी नियोजक ने जरिये प्रति उत्तर यह प्रकट किया कि श्रमिक 1-10-81 से दैनिक वेतन आधार पर अस्थाई केजुअल के स्थान पर लगाया गया था और उसने 30-4-84 तक कार्य किया है। उसने 1-5-84 से स्वेच्छा से आना बंद कर दिया। दिनांक 1-1-88 से उसकी प्रार्थना पर उसे फिर दैनिक वेतन अस्थाई केजुअल पद पर रखा गया और उसने कार्य की समाप्ति पर 1-7-88 से कार्य कराना बंद कर दिया। नियोजक के अनुसार इससे स्पष्ट है कि श्रमिक ने 1-10-81 से 30-6-87 तक नियमित कार्य नहीं किया है। नियोजक यह भी कहता है कि श्रमिक को एक निश्चित परियोजना एवं एक निश्चित कार्य के लिए लगाया गया था जिसकी समाप्ति के बाद उसे सेवा से हटाया गया था। नियोजक के अनुसार दिनांक 1-7-88 से पूर्व श्रमिक ने मात्र 152 दिवस कार्य किया है न कि 240 दिवस इसलिए वह धारा 25 (एफ) के अंतर्गत नोटिस अथवा नोटिस वेतन या छंटनी भत्ते का अधिकारी नहीं है। 1-5-84 से श्रमिक अनुपस्थित था और 1-3-89 को उसने एक साथ ही बीमारी के प्रमाणपत्र प्रस्तुत किये थे। श्रमिक के इन बीमारी के प्रमाणपत्रों के आधार पर पुराने काम पर नहीं रखा गया था बल्कि नये काम की शुरूआत होने पर नये सिरे से परियोजना एवं निश्चित कार्य पर लगाया गया था इसलिए 1-1-88 से पूर्व की सेवा का श्रमिक से कोई संबंध नहीं है।

4. अपने कथनों के समर्थन में श्रमिक अर्जुन सिंह ने स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत कर सत्यापित कराया जिससे नियोजक प्रतिनिधि ने जिरह की और प्रलेखिक साक्ष्य में डब्ल्यू-I लगायत डब्ल्यू-II फोटो प्रति पेश की गई। इसके विपरीत नियोजक की ओर से श्री नरेंद्र कुमार सहायक अभियंता ने शपथ पत्र पेश किया जिससे श्रमिक प्रतिनिधि ने जिरह की तत्पश्चात् मैंने पत्रावली का निरीक्षण किया और पक्षकारों के प्रतिनिधियों को विस्तारपूर्वक सुना।

5. क्लेम के प्रति उत्तर में नियोजक ने यह स्वीकार किया है कि 1-10-81 से 30-4-84 तक इस श्रमिक ने काम किया था और तत्पश्चात 1-5-85 से गैर हाजिर हो गया था। दिनांक 1-1-88 को वह काम पर आया तब उसने बीमारी का प्रमाणपत्र पेश किया था परन्तु उसे नये सिरे से अस्थाई केजुअल पर रखा गया था। नियोजक साक्षी नरेन्द्र कुमार ने भी अपने शपथ पत्र में उक्त तथ्यों को दोहराया है इन परिस्थितियों में यह तो साबित है कि 1-10-81 से 30-4-84 तक इस श्रमिक ने लगातार सेवा की थी और प्रत्येक वर्ष में 240 दिवस से अधिक सेवा पूरी कर ली थी। यह मान भी लें कि 1-5-84 से 30-9-84 तक यह श्रमिक गैर हाजिर हो गया था तो भी उक्त अनुपस्थिति नियोजक के स्थाई आदेशों एवं एल. रोबर्ट डिसूजा के न्याय दृष्टान्त 1982 (1) एल.एल.एन. 257 के अनुसार यह एक दुराचरण था जिसके लिए नियोजक से यह अपेक्षा की कि वह नियमानुसार आरोप अधिरोपित कर जांच कराकर श्रमिक को उचित दण्ड देता जो कार्यवाही निर्विवाद रूप से नियोजक द्वारा नहीं की गई।

6. दिनांक 1-1-88 को जब श्रमिक उपस्थित हुआ तो उसने 1-5-84 से 31-12-87 तक की अवधि के मेडिकल प्रमाण पत्र भी पेश किये थे जिसे तथ्य को क्लेम के प्रति उत्तर में तथा नियोजक साक्षी ने अपने शपथ पत्र द्वारा भी स्वीकार किया है। उक्त प्रमाणपत्रों की फोटो प्रतिलिपि डब्ल्यू-I लगायत डब्ल्यू-IX अभिलेख पर भी पेश की गई है। नियोजक ने न ही तो क्लेम के प्रति उत्तर में ही यह कहा कि श्रमिक द्वारा उपरोक्त स्वास्थ्य प्रमाणपत्र फर्जी थे और न ही नियोजक साक्षी नरेन्द्र कुमार ने इस बारे में कुछ कहा है। जिससे ही यह निष्कर्ष निकलता है कि वास्तव में श्रमिक के उपरोक्त स्वास्थ्य प्रमाणपत्रों को उस समय तो मान लिया था अन्यथा मेडिकल के उन प्रमाणपत्रों को अस्वीकृत करने का कोई आदेश पारित किया जाता।

7 क्लेम के प्रति उत्तर में नियोजक ने कहा है कि 1-1-88 को श्रमिक को नये सिरे से किसी एक निश्चित परियोजना व लक्षित कार्य हेतु लगाया गया था। उक्त निश्चित परियोजना व उसका लक्षित कार्य क्या था। यह क्लेम के प्रति उत्तर में स्पष्ट नहीं किया गया है। इसमें यह

भी दर्ज नहीं है कि 1-1-88 को ही श्रमिक को ऐसी कोई सूचना दी गई हो कि उसे किसी निश्चित परियोजना व स्वीकृत कार्य के लिए लगाया गया हो। उक्त कार्य कितने दिन चलने वाला था यह क्लेम के प्रति उत्तर में दर्ज नहीं किया गया है और न ही श्रमिक से इस बारे में कोई प्रति परीक्षा की गई है। सर्वप्रथम नियोजक साक्षी नरेन्द्र कुमार ही शपथपत्र की चरण सं.-3 में 28-9-91 को ही प्रकट करता है कि श्रमिक को साफ बताते हुए कि श्रमिक की कार्य अवधि छः माह की है उसे 1-1-88 को काम पर लिया गया था। मेरी राय में नियोजक साक्षी के उक्त अपुष्ठ कथनों पर विश्वास नहीं किया जा सकता क्योंकि छः माह की अवधि पर लेने का उल्लेख तथा ऐसा श्रमिक को भी स्पष्ट करने वाला तथ्य न तो क्लेम के प्रति उत्तर में दर्ज है और न ही इस विषय में श्रमिक से सुझावात्मक प्रति परीक्षा की गई है। अगर वास्तव में ऐसा था तो नियुक्ति के समय ही ऐसा कोई आदेश पारित क्यों नहीं किया गया।

8. क्लेम में श्रमिक ने यह भी दर्ज किया था कि सेवा मुक्ति से पूर्व वरिष्ठता सूची नहीं बनाई गई तथा "पीछे आओ पहले जाओ" सिद्धान्त की पालना नहीं की गई। उक्त कथन का कोई प्रति उत्तर नियोजक द्वारा क्लेम के प्रति उत्तर में नहीं किया गया है। नियोजक साक्षी नरेन्द्र कुमार ने भी अपने शपथ पत्र में इसका उल्लेख नहीं किया है यहां तक कि श्रमिक से भी प्रतिपरीक्षा नहीं की गई है। जब श्रमिक ने क्लेम के अनुसार ही अपने शपथ-पत्र में ही यह दर्ज कर दिया था कि सेवा मुक्ति से पूर्व वरिष्ठता सूची बनी नहीं और न ही श्रमिक से वरिष्ठ किसी व्यक्ति को हटाया गया तो नियोजक का यह उत्तरदायित्व था कि इस विषय में भी अपनी प्रलेखिक अथवा मौखिक साक्ष्य पेश करते। इसलिए अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य से एवं उपरोक्त समस्त कारणों से नियोजक द्वारा धारा 25 (एफ) के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है तथा धारा 25 (जी) और नियम-77 की भी अवहेलना की गई है। इसलिए इस निर्देश का अधिनियम निम्न प्रकार से किया जाना है—

श्रमिक अर्जुन सिंह केजुअल लेबर की 1-7-88 से सेवा मुक्ति उचित एवं वैध नहीं है और इसे सेवा में नियोजित मानते हुए उक्त पद का वेतन व अन्य सभी लाभ भी दिलाये जाते हैं। 100 रु. खर्चा मुकदमा दिलाया जाता है। अगर नियोजक ने अन्दर तीन माह में उक्त राशि अदा नहीं की तो 12 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से उक्त राशि पर श्रमिक को ब्याज भी देगा। उक्त आशय का अवार्ड पारित किया जाता है जिसे केन्द्र सरकार को अंतर्गत धारा 17(1) अधिनियम प्रकाशनार्थ भेजा जावे।

जगत सिंह, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 27 मई, 1992

का. आ. 1654—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार वेस्टर्न रेलवे जयपुर के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है जो केन्द्रीय सरकार को 25-5-92 को प्राप्त हुआ था।

[सं एल—41012/24/88—डी-2 (बी) (पी टी)]

बी. एम. डेविड, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 27th May, 1992

S.O. 1654.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of DRM, Western Railway, Jaipur and their workmen, which was received by the Central Government on 25-5-92.

[No. L-41012/24/88-D.II(B)(Pt.)]

B. M. DAVID, Desk Officer

अनुबंध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं., सी. आई. टी. 71/1989

रैफरैन्स : भारत सरकार, श्रम मंत्रालय नई दिल्ली का आदेश क्रमांक एल-41012/24/88 डी-2(बी) दिनांक 19-7-89

श्री हैरल्ड आस्टीन मैसी पुत्र श्री ए. सी. मैसी, मिशन कम्पाउंड प्लाट नं. 33 अजमेर रोड, जयपुर।

—प्रार्थी

बनाम

डिवीजनल रेलवे मैनेजर पश्चिमी रेलवे, जयपुर।

—अप्रार्थी

उपस्थित

माननीय श्री जगतसिंहजी, आर. एच. जे. एस. न्यायाधीश

प्रार्थी की ओर से .... श्री बी. एम. बागड़ा

अप्रार्थी की ओर से .... श्री संदीप सक्सेना

दिनांक अवार्ड 4-3-1992

अवार्ड

आज यह पत्रावली दोनों पक्षों की प्रार्थना पर लोक अदालत में ली गई। श्रमिक हैरल्ड मैसी तथा उसके प्रतिनिधि श्री बी. एम. बागड़ा उपस्थित हैं, नियोजक की तरफ से श्री संदीप सक्सैना उपस्थित हैं।

2. समझाने-बुझाने के पक्षकारान् निम्न तरीके से आदेश हेतु राजी हुए हैं। 3-10-91 को भी पक्षकारान ने एक बाहमी समझौता पेश किया था इसलिए इस निर्देश का निपटारा निम्न प्रकार से किया जाता है।

3. श्रमिक को नियोजक ड्यूटी पर लेगा और उसकी पुरानी सीनियोरिटी देगा परन्तु सेवा मुक्ति की तारीख से सेवा में लेने की तारीख तक का वेतन "नो वर्क नो पे" के सिद्धान्त पर नहीं दिया जाएगा। सेवा की निरन्तरता कायम रखी जाएगी तथा नोशनल फिक्सेशन करते हुए सेवा में लेने की दिनांक से वेतन व अन्य सभी लाभ दिए जायेंगे। श्रमिक से कनिष्ठ अगर किसी व्यक्ति को रेगलर कर दिया है तो नियोजक अति शीघ्र स्क्रीनिंग कमिटी का आयोजन करेगा और उसमें इस श्रमिक का मामला भी कन्सीडर करेगा। इस आदेश की प्रति सहित श्रमिक नियोजक को सेवा में लेने बाबत प्रार्थना पत्र देगा जिसकी प्राप्ति के 15 दिन के अन्दर नियोजक श्रमिक को सेवा में ले लेगा। खर्चा पक्षकारान् अपना-अपना बर्दाश्त करेंगे।

4. उपरोक्त आशय का अवार्ड पारित किया जाता है जो भारत सरकार को नियमानुसार प्रकाशनार्थ भेजा जाए।

जगत सिंह पीठासीन अधिकारी

नई दिल्ली, 28 मई, 1992

का. आ. 1655—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एयर-इण्डिया के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण नं. 2 बम्बई के पंचपट को प्रकाशित करती है जो केन्द्रीय सरकार को 27-5-92 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल—11012/29/87—डी-II (बी)]

बी. एम. डेविड, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 28th May, 1992

S.O. 1655.—In pursuance of section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Central Government Industrial Tribunal No. 2, Bombay, as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of Air India and their workmen, which was received by the Central Government on the 27-5-92.

[No. L-11012/29/87-D. II (B)]
B. M. DAVID, Desk Officer

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL NO. 2, BOMBAY

PRESENT :

Shri P. D. Apshankar, Presiding Officer.

REFERENCE NO. CGIT-2/17 OF 1988

PARTIES :

Employers in Relation to the Management of AIR INDIA.

AND

Their Workmen.

APPEARANCES :

For the Employer : Shri M. M. Verma, Shri R. Dayal, Shri N. S. Lall Advocates.

For the Workmen : Shri M. B. Anchan Advocate.

INDUSTRY : Aviation.

STATE : Maharashtra.

Bombay, dated, the 4th May, 1992.

AWARD

The Central Government by their order No. L-11012/29/87-D. II (B), dated 20-6-1988 have referred the following Industrial Dispute to this Hon'ble Court for adjudication under section 10(1)(d) of the Industrial Disputes Act, 1947.

"Whether the action of the management of Air India in terminating the services of Shri P. K. Shetty, Cleaner w.e.f. 4-8-1986 is legal and justified ? If not, what relief the workman is entitled to ?"

2. The case of the workman Shri P. K. Shetty as disclosed from the Statement of Claim (Ex. 2) filed by him in person in short is thus :

He joined the service in the Air India Corporation as a Cleaner in March, 1977 in the Flight Services Department, and was confirmed in that post in September, 1977. The charge sheet dated 17-3-1986 was issued to him on the ground of his alleged misconduct of absence without permission for 85 days from March, 1985 to December, 1985. As he was not conversant with the enquiry procedure, he did not submit his explanation to that charge sheet. As he was not keeping good health he could not attend the enquiry proceedings. As such the enquiry officer proceeded ex-parte and submitted his report to the disciplinary authority. On the basis of that report the services of the workman were terminated with effect from 4-8-1986 by the order dated 31-7-1986. During the enquiry proceedings, the workman was not given an apportunity to defend himself. That enquiry held against him was held against the principles of natural justice.

During the said period of 85 days he could not attend to his duties due to the sickness of his wife and children. He was to take them to the hospitals for treatment. Whenever he remained absent, he had informed his supervisor on telephone about his non-attendance. He had remained absent with the permission of his supervisor. After returning his duties he could not regularise his leave as the leave card was not available in the section. The work of the regularisation of the leave is of the management, and it was not his work. The punishment of removal from service is disproportionate to the charge levelled question as unjust and illegal, and should from service he is unemployed and his family is starving. The workman, therefore, lastly prayed that this Tribunal should hold the action of the management in question as unjust and illegal, and should direct the management to reinstate him in service with full back wages and the continuity of service.

3. The Deputy Industrial Relations Manager of the Air India Corporation by his Written Statement (Ex. 3) opposed the said claim of the workman, and in substance contended thus :

The said workman had joined the service in the Corporation as a cleaner in March, 1977 and he was confirmed in that post in September, 1977. Since the year 1978 onwards the workman was consistently irregular, as stated below. On 4-12-1978 he was issued a letter by the management for his ratings for the year 1978, as his job Performance Punctuality was 'below average'. On 2-3-1979, he was issued a show-cause notice as to why his increment due on 1-3-1979 should not be deferred in view of his unsatisfactory attendance. As he failed to submit any satisfactory explanation, his increment due on 1-3-1979 was deferred by 6 months. In spite of that he continued his irregular attendance, and hence his annual increment due on 1-3-79 was again withheld for the period of one year. He was again issued a show-cause notice as to why his increment due on 1-3-1980 should not be withheld. Because of his consistant unsatisfactory attendance a charge sheet was issued to him on 11-3-1981 for his unsatisfactory attendance from April, 1980 to January, 1981, i.e. for a period of about 10 months. He admitted the guilt of having remained absent without

permission, and hence the competent authority on 16-4-1981 awarded the punishment of suspension on loss of pay and allowances for a period of 4 days by taking a lenient view. However he continued remaining absent unauthorisedly and again a charge-sheet dated 17-3-1982 was issued to him for his unauthorised absence for the period from March, 1981 to January, 1982. He again continued remaining absent without intimation from 4-4-1982. Thereafter the punishment of reduction of his basic pay for a period of 2 years was inflicted upon him with effect from 1-7-1982. As the workman remained absent without intimation from 4-4-1982 his services were treated as voluntarily abandoned by him. However he again requested for reinstatement, and as a special case he was allowed to resume his duty with effect from 23-3-1983 by treating his absence of the period of about one year as absence without permission.

4. As regard the charge-sheet issued against him in question, the management contended thus :

The charge-sheet dated 17-3-1986 was issued to him for his unsatisfactory attendance from March, 1985 to December, 1985. It is not true that the Workman was not conversant with the enquiry procedure. It is not true that the workman was not keeping good health, as alleged by him. He did not inform the management about his illness He was given full opportunity to defend himself during the enquiry proceedings, and the rules of natural justice were properly followed by the enquiry officer. The enquiry held against him was just and proper. He had not applied for the regularization of his leave during the period he had remained absent without permission. He had not applied to the Corporation for leave in advance, nor did he submit any application thereafter for sanctioning his leave. As such the management was left with no other option but to remove him from the service of the corporation, as he continued to commit the same misconduct again and again. He did not even appear before the enquiry officer even though the reminders were sent to him in that respect by the management. The punishment awarded to the workman is not disproportionate to the misconduct committed by him. His past service record was highly unsatisfactory. Therefore the management lastly prayed for the rejection of the claim of the workman, and prayed that this Tribunal should hold the action of the management in question as just and proper.

5. The Issues framed at Ex. 4 are :

(1) Whether the workman proves that the Enquiry held against him, was held in violation of the principles of natural justice, and that he was not given proper opportunity to defend himself ?

(2) Whether the action of the management of Air India in terminating the services of Shri P. K. Shetty, Cleaner with effect from 4-8-1986, is legal and justified ?

(3) If not, to what relief the workman is entitled ?

(4) What Award ?

6. My findings on the said Issues are :

(1) No.
(2) Yes.
(3) Issue does not survive.
(4) Award as per below.

REASONS

ISSUE NO. 1

7. The workman Shri P. K. Shetty filed his affidavit in support of his case at (Ex. 5), and he was cross-examined on behalf of the management. No oral evidence was led on behalf of the management. In substance the workman stated in his affidavit thus :

As he was mentally disturbed and was sick, he could not attend the enquiry proceedings on 11-7-1986. There was a quarrel between him and his father, and as such, he left his father's house and had gone to stay at the house of his friend. His father had accordingly informed the management about it. He could not regularise his leave, as the leave card was not available in the section. He should be reinstated in service.

However, in his cross-examination the workman stated and admitted thus :

The chargesheet was issued to him by the management in March, 1986. He was asked to put his say to it within 7 days from the date of the receipt of that charge-sheet. He had approached his union, but no 'say' was filed by them to the charge-sheet. He had received the letter from the management that Shri J. S. Rueben was appointed as the enquiry officer. He had received a letter from the enquiry officer that the enquiry proceedings would be held on 11-7-1986. However, he did not appear before the enquiry officer on that day, as he was then sick. His father had sent a letter dated 7-7-1986 to the management that he was not available at his address at the Air India Quarters since 16-5-86. (However the contents of that letter, according to the workman, are not true and correct.) He had not sent any medical certificate to the enquiry officer or to the management about his illness. He was aware of the fact that he was supposed to send the necessary Medical Certificate about his illness. During his period of service of 11 years with the Corporation, he was given a warning, and his increments were stopped.

It is thus quite clear from the admissions made by the workman in his cross-examination that he was given full opportunity to defend himself, but that he himself did not avail of it, and he remained absent. Therefore, the enquiry held against him was held properly, and as per the rules of natural justice.

8. The original file regarding the enquiry proceedings held against the workman has been produced by the management at Ex. 10. It can be seen therefrom thus:

He was charge-sheeted for "Absence without permission" during the period of March to December, 1985, for

85 days. He was thereafter asked to submit his 'say' to that charge-sheet within 7 days from the day of the receipt of that letter dated 17-3-1986. By the letter dated 2-4-1986 the Commercial Manager "Inflight Services" of the Corporation informed the workman that he had not submitted any explanation to the said charge-sheet, and that in case he would not attend the enquiry proceedings, the enquiry would be conducted ex-parte against him, (Thus, he was well informed by the management that in case he would not attend before the enquiry officer, the matter would proceed ex-parte against him). By the letter dated 27-6-1986, the enquiry officer Shri J. S. Reuben had informed the workman that the enquiry would be held in the office of the enquiry officer on 11-7-1986, and that in case he would not attend the enquiry proceedings, the enquiry proceedings would be conducted ex-parte against him. By the letter dated 7-7-1986 the workman's father Shri K.B. Shetty informed the management that since 16-5-86 his son, i.e., workman in question, is out of his house at Santacruz, and he is trying to find out his whereabouts. As such, the workman could not attend the enquiry proceedings on 11-7-1986. However as he did not attend the enquiry proceedings on that day, the enquiry officer adjourned the proceedings to 28-7-1986, and sent the necessary letter dated 11-7-1986 about it to the workman through his office. Even on that day the workman remained absent. On that day Shri A. M. Kulkarni, the witness for the management, was examined and he deposed about the unauthorise absence of 85 days of the workman.

The workman has alleged that the enquiry proceedings were conducted ex-parte against him. However, as noted above, the management and the enquiry officer had taken the proper steps to inform him about the dates of the enquiry proceedings, but he himself had remained absent. Ex. 9 is a letter dated 15-3-1990 sent by the workman to the management. This letter was sent during the pendency of the present Reference before this Tribunal. However, in that letter the workman stated that, "the notices of the enquiry held on 11-7-86 and on 28-7-86 were not served upon him. He was not at his father's place when the notices were sent on that address". As such the workman clearly admitted in the said letter that the management had sent the necessary notices regarding the enquiry proceedings at the last place of his residence. It was for the workman to inform well in advance to the management about the change of his address, if any. However, he had not informed the management about it at any time. As such the necessary steps were properly taken by the enquiry officer and the management to inform him about the dates of the enquiry proceedings, but the workman himself had remained absent on those two days, viz. 11-7-1986 and 28-7-1986, and hence the enquiry proceedings were conducted ex-parte against him. Therefore, it is quite clear from the admissions made by the workman in his cross-examination as well as from the said documentary evidence on record that the enquiry proceedings were held properly and as per the rules of natural justice, and every oportunity was given to the workman to defend himself but that the workman himself did not avail of that opportunity. The enquiry officer therefore found the charge levelled against the workman duly proved. The Disciplinary Authority, i.e., the Commercial Manager 'Inflight Services' by the order dated 4-8-1986 accepted the findings of the enquiry officer that the workman had unauthorisedly remained absent during the said period of March to December, 1985 for 85 days and passed the punishment of removal from service upon the workman under Regulation 43(g) of the Air India Employees Service Regulations.

Issue No. 1 is therefore found in the negative.

9. According to the workman, the punishment of removal from service inflicted upon him by the Disciplinary authority is disproportionate to the nature of the charge levelled against him. However, this contention of the workman is not at all tenable in view of the most unsatisfactory service record of the workman of the previous 7 years. The original file regarding his past record of service from the year 1978 to 1985, i.e. till the date of issuing the charge-sheet in question against him, has been produced by the management at Ex. 11. It will be seen therefrom, and as already stated by the management in their Written Statement, that during the period of 1978, to 1985 the workman used to remain absent without permission often and again and for several days. For that unauthorised absence he was being given warnings by the management from time to time. His increments were also deferred on certain occasions. A disciplinary action was also taken against him. His annual confidential reports were bad, The remarks passed therein were that his work performance was below average and his punctuality was also below average.

His basic pay was also reduced on certain occasions, After he used to remain absent, he was being directed to resume his duty on a particular date, but he was not resuming his duties, and used to continue remaining absent. As such, his past service record was highly bad and most unsatisfactory. He had not improved his behaviour in spite of several warnings and memos issued to him. Even during the enquiry proceedings in question, he had remained absent from service. As such, the punishment of removal from services inflicted upon him by the management is quite, just, legal and proper, and the workman is entitled to no relief.

Issues Nos. 2 and 3 are therefore found accordingly.
In the result, the following Award is passed :

AWARD

The action of the management of Air India in terminating the services of Shri P. K. Shetty, Clearner w.e.f. 4-8-1986 is quite just and legal.

The parties to bear their own costs of this Reference.

P. D. APSHANKAR, Presiding Officer

नई दिल्ली, 28 मई, 1992

का. आ. 1656 .—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार सीनियर सुपरिन्टैंडेण्ट आफ पोस्ट आफिस, पाली, राजस्थान के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है जो केन्द्रीय सरकार को..... को प्राप्त हुआ था ।

[सं. एल—40012/22/85—डी-2 (बी) (पी टी)]
बी. एम. डेविड, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 28th May, 1992

S.O. 1656.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Sr, Supdt. of Post Office, Pali, Rajasthan and their workmen, which was received by the Central Government on.....

[No. L-40012/22/85-D.II(B)(Pt.)]
B. M. DAVID, Desk Officer

अनुबंध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी. आई. टी. 50/1984

रैफरैंस : भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेश क्रमांक एल-40012/1/85-डी.III (बी) दिनांक 12-6-84

श्री उमर खान पुत्र श्री शकरू खान द्वारा बाल विद्या भवन (प्राईमरी स्कूल) शिवगंज, जिला सिरोही ।

—प्रार्थी

बनाम

सीनियर सुपरिन्टैंडैंट ऑफ पोस्ट ऑफीसज, पाली जिला पाली मारवाड़ (राजस्थान)

—अप्रार्थी

उपस्थित

माननीय न्यायाधीश श्री जगतसिंहजी, आर. एच. जे. एस.

प्रार्थी की ओर से :	श्री अशोक परिहार
अप्रार्थी की ओर से :	श्री आर. सी. पापड़ीवाल
दिनांक अवार्ड :	4-2-1992

अवार्ड

भारत सरकार, श्रम मंत्रालय नई दिल्ली ने अपने उपरोक्त आदेश द्वारा निम्न विवाद इस न्यायाधिकरण को वास्ते अधिनिर्णय औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 10(1)(घ) के अन्तर्गत प्रेषित किया है :

"Whether removal from services of Shri Umar Khan Extra Departmental Branch Post Master Patehpura by the Senior Superintendent of Post Offices is justified? If not, to what relief Shri Umar Khan is entitled?"

2. श्री उमर खान प्रार्थी, जिसे तत्पश्चात श्रमिक संबोधित किया है ने जरिए क्लेम प्रकट किया कि वह 4-2-72 से एक्सट्रा डिपार्टमेंटल ब्रांच पोस्ट मास्टर (ई. डी. बी. पी. एम.) फतहपुरा में कार्यरत था और उसने ईमानदारी, मेहनत व लगन से अपना कार्य किया था, काम के संबंध में कभी कोई शिकायत नहीं हुई थी, उक्त कार्य के अलावा उसने ई. डी. एम. सी. ओ. ई. डी. डी. ए. का भी कार्य किया है जो भी अपने आप में स्वतंत्र पद थे जिन सब के लिए उसे वेतन भत्ता आदि भी मिलता रहा है। उक्त कार्य के अलावा श्रमिक ने नियमानुसार सभी रजिस्टर व रिकार्ड भी तैयार किए हैं परन्तु कुछ स्थानीय व्यक्तियों से अदावत के कारण उसे अनेकों बार कार्य करने में बाधा पैदा हुई है। श्रमिक कहता है वह 6-12-78 से 5-2-79 तक स्वीकृत अवकाश पर था और 6-2-79 को अवकाश उपभोग के उपरांत वह जब ब्रांच पोस्ट आफिस फतहपुरा में कार्य ग्रहण करने आया तो उसे ड्यूटी जोइन करने की अनुमति नहीं दी। मेल ओवरसीयर श्री तुलसीराम से श्रमिक की निजी दुश्मनी थी जिसने ही 5-2-79 के पत्र द्वारा श्रमिक को ड्यूटी जोइन नहीं करने के लिए कहा परन्तु उक्त पत्र में भी कोई कारण दर्ज नहीं था और मेल ओवरसीयर को ऐसा पत्र जारी करने का अधिकार भी नहीं था। इस पर प्रार्थी श्रमिक ने मेल ओवरसीयर के उक्त आदेश बाबत आपत्ति की परन्तु कोई लाभ नहीं हुआ और 14-2-79 से विपक्ष ने उसे ड्यूटी से आफ कर दिया और 6 माह उपरान्त दिनांक 26-7-79 को एक आरोप जारी कर दिया तत्पश्चात से ही श्रमिक को हैरान व परेशान करना प्रारंभ कर दिया। फरवरी 1979 से श्रमिक को उसके पद का वेतन भी नहीं दिया न ही कोई निर्वाह भत्ता दिया और करीब ढाई वर्ष तक जांच जारी रखी गई जो भी एक फर्जी जांच थी तथा अनुचित तरीके से की गई थी। श्रमिक को अपनी रक्षा करने के लिए उचित अवसर नहीं दिया गया। श्रमिक द्वारा निवेदन करने पर भी जांच अधिकारी के समक्ष संबंधित रिकार्ड पेश नहीं किया गया। गवाहों के बयान तथा उनकी जिरह भी जांच अधिकारी द्वारा सही तरीके से नहीं लिखे गए तथा श्रमिक को भी सफाई पेश करने हेतु पूरा अवसर नहीं दिया। इस सब के होते हुए भी जांच में ली गई साक्ष्य से आरोप साबित नहीं होने थे फिर भी 27-3-82 के आदेश से उसकी सेवा समाप्त कर दी गई। श्रमिक के अनुसार प्रार्थी नियोजक द्वारा दिया गया उपरोक्त आदेश अनुचित, अवैध तथा श्रम विरोधी नीति का द्योतक था इसलिए उक्त आदेश को अपास्त करते हुए उसे सवेतन पुनः सेवा में बहाल किया जाए।

3. अप्रार्थी की तरफ से प्रारंभिक आपत्तियां की गई है कि भारत सरकार का विभाग होने के नाते रेलवे नेचर की प्रकृति होने से अप्रार्थी संस्थान धारा 2(जे) के अनुसार उद्योग की परिभाषा में नहीं आता है तथा उमर खान प्रार्थी भी अपने कार्यालय का पूर्णरूपेण इन्चार्ज था और प्रशासनिक प्रकृति के अधिकारों से अधिकृत था इसलिए धारा 2(एस) के अन्तर्गत वह कर्मकार की परिभाषा में नहीं आता है और इसलिए इस न्यायालय को सुनवाई का अधिकार नहीं है।

4. गुणावगुण पर अप्रार्थी का कहना है कि 4-2-72 से उमरखान को फतहपुरा में ई. डी. बी. पी. एम. लगाया गया था जिसे ई. डी. डी. ए. की भी ड्यूटी सौंपी गई थी। नियोजक के अनुसार प्रार्थी उमरखान प्रारंभ से ही अनियमित तथा गैर जिम्मेवाराना कार्य कर रहा था। उसके विरुद्ध अनेकों शिकायतें प्राप्त हुई थी और इसलिए उसका कार्य संतोषप्रद नहीं था। 6-12-78 से 5-2-79 तक प्रार्थी का अवकाश मंजूर नहीं हुआ था फिर भी वह अनाधिकृत रूप से अवकाश पर चला गया और इस प्रकार दुराचरण किया। 5-2-79 को प्रार्थी को सेवा से हटाने बाबत कोई आदेश जारी नहीं किया गया। 14-2-79 से उससे सेवा नहीं ली गई, प्रार्थी को आरोप पत्र जारी किया गया जिनका स्पष्टीकरण देने हेतु उसे उचित अवसर दिए गए और घरेलू जांच प्रारंभ की गई। प्रार्थी एक्सट्रा डिपार्टमेंटल एम्पलोयी था और नियमित कर्मचारी नहीं था इसलिए उसे निर्वाह भत्ता देने के कोई नियम नहीं थे। प्रार्थी को अपने साक्षी पेश करने के लिए व सुरक्षा करने का पूरा अवसर जांच अधिकारी द्वारा दिया गया था। विपक्षी ने भी जिरह करने का उसे पूरा अवसर दिया गया था और जांच अधिकारी द्वारा की गई जांच प्रोपर एवं फेयर थी। जांच अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार सभी आरोप साबित पाए गए थे और इसलिए 27-3-82 से प्रार्थी को सेवा मुक्त किया गया। उक्त आदेश के विरुद्ध प्रार्थी ने निदेशक पोस्टल सर्विसेज जोधपुर को अपील भी की थी जो भी खारिज हुई। अप्रार्थी के अनुसार प्रार्थी द्वारा किए गए दुराचरण गंभीर प्रकृति के थे जिस पर सेवा मुक्ति का आदेश अनुचित एवं अत्याधिक नहीं था। प्रार्थी के विरुद्ध न तो कोई श्रम विरोधी नीति अपनाई गई और न ही शोषण की कार्यवाही की गई इसलिए प्रार्थी किसी अनुतोष का अधिकारी नहीं है।

5. अप्रार्थी द्वारा घरेलू जांच का रिकार्ड प्रस्तुत किया गया था जिसका निरीक्षण करके और पक्षकारों को सुनने के उपरांत दिनांक 24-3-87 के आदेश द्वारा तत्कालीन योग्य अधिकारी ने अप्रार्थी द्वारा कराई गई घरेलू जांच प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्तों के अनुरूप नहीं पाई और अप्रार्थी को इसी न्यायालय में आरोप साबित करने का अवसर दिया। फलस्वरूप अप्रार्थी की तरफ से सर्वश्री पूनमदास, तुलसीराम, रूपदास, पी. एल. मीणा, आर. पी. सोनी, रतीराम, सी. बी. सांखला, बोला राम, व मगसिंह के शपथपत्र पेश किए गए हैं जिनसे श्रमिक प्रतिनिधि ने जिरह की है। प्रोलेक्षिक साक्ष्य में एम-1 लगायत एम-9 फोटो प्रतियां पेश हुई हैं। इसके विपरीत प्रार्थी उमर खां ने स्वयं का शपथ पत्र पेश किया जिससे नियोजक प्रतिनिधि ने जिरह की। तत्पश्चात् मैंने पत्रावली का निरीक्षण किया और पक्षकारों के प्रतिनिधियों को विस्तारपूर्वक सुना।

6. अप्रार्थी नियोजक की प्रारंभिक आपत्तियां यह हैं कि उनका संस्थान भारत सरकार का होने से "रीयल फन्क्शन" करना है इसलिए उद्योग की परिभाषा में नहीं आता है तथा प्रार्थी उमर खान को अपने कार्यालय का स्वतंत्र व एक मात्र अधिकारी था और प्रशासनिक कार्यों करने के लिए अधिकृत था इसलिए वह कर्मकार की परिभाषा में नहीं आता है। हालांकि उक्त प्रारंभिक आपत्तियां क्लेम के प्रत्युत्तर में तो दर्ज की हैं किंतु इनके बाबत अप्रार्थी की तरफ से किसी भी प्रकार की मौखिक अथवा प्रालेखिक साक्ष्य पेश नहीं हुई है। अप्रार्थी नियोजक के किसी भी साथी ने इन प्रारंभिक आपत्तियों बाबत कथन नहीं किया है और न ही प्रार्थी उमर खान से इस विषय में कोई प्रति परीक्षा की गई है इसलिए साक्ष्य के अभाव में प्रारंभिक आपत्तियां साबित नहीं हैं। यह उल्लेखनीय है कि प्रार्थी उमर खान ई. डी. बी. पी. एम. था जिसका कार्य डाक लाना व ले जाना तथा बांटना था और जिसका वेतन भी 138/- रुपये प्रति माह था। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि प्रार्थी जैसे स्तर का कर्मचारी धारा 2 (एस) के अन्तर्गत कर्मकार नहीं हो प्रबंधकीय कार्यों से अधिकृत होने बाबत नियोजक

की तरफ से कोई साक्ष्य पेश नहीं हुई है और न ही प्रार्थी से प्रति-परीक्षा की है इसलिए दोनों प्रारंभिक आपत्तियां आधारहीन होने से खारिज की जाती हैं।

7. जहां तक आरोप साबित होने का प्रश्न है, 26-7-79 को श्रमिक पर निम्न लिखित आरोप लगाये गये थे:—

कि श्रमिक उमर खान शिवगंज के एक निजि पाठशाला में कार्य करने के कारण अपने कार्यालय का शाखा डाकघर बैग जो कानपुरा शाखा कार्यालय में प्रातः 9.15 पर लाना था तथा लेखा कार्यालय को जाने वाला अपना शाखा डाकघर थैला फतहपुरा से 6.30 प्रातः लेकर कानपुरा पहुंचाना था वह न तो निर्धारित समयानुसार थैला लाता है और न ही ले जाता है। इसके अलावा शाखा डाकघर फतहपुरा के कार्यकाल प्रातः 9 से 11 बजे व सायंकाल 4 से 5 बजे के अनुसार डाक घर नहीं चलाता है।

श्रमिक पर दूसरा आरोप यह था कि उमर खान को सालोदरिया गांव में 12 बजे से 12.30 बजे तक चल डाकघर सुविधा उपलब्ध करानी है लेकिन वह सालोदरिया गांव नहीं जाता है।

8. उक्त दोनों आरोपों का प्रत्युत्तर भी श्रमिक ने नियोजक को लिखित में पेश किया था और कहा था कि फतहपुरा गांव का वह स्थाई निवासी है और उपरोक्त समय के अनुसार फतहपुरा से कानपुरा की डाक लाने ले जाने का कार्य 9 वर्ष से करता आ रहा है और फतहपुरा कार्यालय दोनों ही समय सही रूप से खोलकर कार्य करता है। श्रमिक अपने प्रत्युत्तर में यह भी कहता है कि उपरोक्त कार्य करने के पश्चात् वह शिवगंज में प्राईवेट पाठशाला में ट्यूशन का अध्यापन कार्य शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक करता है। दूसरा आरोप भी श्रमिक ने अपने प्रत्युत्तर द्वारा अस्वीकार किया है। और कहा है कि वह रोजाना सालोदरिया मीआईल डाकघर में 12 बजे से 12.30 तक जाकर कार्य करता है। फतहपुरा का कार्य व कर्तव्यों का पालन पूर्ण रूप से निर्धारित समय पर और ईमानदारी से कर रहा है। उक्त आरोपों को सिद्ध करने के लिए नियोजक की तरफ से श्री पूनमदास ने शपथ पत्र दिया है जो तत्कालीन समय पर पालड़ी जोधा शाखा में डाकपाल का कार्य करता था। साक्षी का कहना है 4-12-78 को ई. डी. एम. सी. सुन्दरदास ने आकर उसे इत्तला दी कि सांच पोस्ट मास्टर फतहपुरा के नहीं मिलने से डाक नहीं लेकर आया। फतहपुरा का डाकघर बंद था। साक्षी कहता है इस पर वह भी सुंदरदास के साथ फतहपुरा गया और सुमेरपुर पोस्ट ऑफीस को फोन किया तो उन्होंने बताया कि लिखकर दी जिम पर वह सुमेरपुर में श्री तुलसा राम जमादार के घर गया और उसे इत्तला दी तथा ऐरर बुक में नोट किया और सूचना एम. ओ., एम. पी. एम. सुमेरपुर, आई. पी. ओ. पाली, पी. एम. पाली को भी दी। रिपोर्ट सं. 223 दिनांक 4-12-78 मेरे द्वारा की गई है। साक्षी कहता है 4-12-78 को डाक नहीं आई, 6-12-78 को डाक प्रातः 11.30 बजे प्राप्त की। 7-12-78 को डाक 2.30 बजे शाम प्राप्त की। 5-2-79 को भी फतहपुरा डाकघर बंद था। ई. डी. एम. सी. कानपुरा में गया जहां सालों डाक ई. डी. एम. सी. को नहीं दी और न ली। इसलिए वह सीधा सुमेरपुर आया और सुमेरपुर से डाक 5 बजे लेकर आया। साक्षी कहता है प्रलेख एम—12 शिकायत उसकी कलमी है, ऐरर बुक में इसका उल्लेख एम—11 भी उसका कलमी है। साक्षी के अनुसार ऐरर बुक की पेज सं. 4 पर 4-12-78 को जो इन्द्राज है और 6-12-78 को ऐरर बुक में पेज सं. 7 में जो इन्द्राज है उसकी कापी सांच पी. एम. फतहपुरा को नहीं दी। इसी प्रकार 7-12-78, 19-12-78 व 5-2-79 की ऐरर बुक की प्रतियां भी सांच पोस्ट मास्टर फतहपुरा को नहीं दी। प्रति परीक्षा में भी साक्षी कहता है डाक देर से आती थी, 4-12-78 को भी देर से आई 11.30 बजे और 12 बजे दिन आई, जबकि 9 बजे प्रातः डाक आनी थी। ऐरर बुक नोट किया गया है। उक्त बुक रिकार्ड में जमा करा दी। लिखित में भी शिकायत थी जो 7 या 8-12-78 को की थी। पोस्ट मास्टर सुमेरपुर को तथा सुप्रिंटेंडेंट टपाली को की थी। इस साक्षी से विस्तारपूर्वक प्रति परीक्षा नहीं की गई है और न ही ऐसे सुझावात्मक प्रश्न किये हैं जिससे उसके प्रार्थी श्रमिक के विरुद्ध मिथ्या कथन करने का कोई कारण हो।

9. नियोजक का दूसरा साक्षी तुलसाराम है जो तत्कालीन समय में मेल ओवरसीयर सुमेरपुर था और 1983 से सेवा निवृत्त हो चुका है। इसने भी कहा है कि फतहपुरा ई० डी० बी० उसके हल्के में था और उसने 26-8-77 को पत्र में 12 निरीक्षक डाक घर आबू रोड को लिखा था जो एम-1 है। साक्षी कहता है वह 23-8-77 को करीब 8.00 बजे सुबह फतहपुरा गया, उस दिन उमर खान कार्य स्थान पर उपस्थित नहीं था। गांव वालों ने बताया कि उमर खान कभी-कभी कार्य पर आता है, समय पर कभी नहीं आता था, उसका कोई निश्चित समय नहीं था। साक्षी कहता है वह 23-8-77 को करीब 12-1 बजे तक फतहपुरा रहा, उसके बाद सालोदरिया गांव चला गया वहां पर भी सरपंच व चम्पानाई ने बताया कि उमर खान नहीं आया। यह भी बताया कि उमर खान का गांव में आने-जाने का समय निश्चित नहीं है। साक्षी कहता है उसके बाद वह कानपुरा सांच आफीस में गया जहां पर फतहपुरा की डाक पड़ी दिखी जिस बाबत डाकपाल कानपुरा से पूछा तो बताया कि उमर खान लेने नहीं आया। तुलसा राम यह भी कहता है कि कानपुरा में उमर खान शाम को 6.30 बजे आया। इस प्रकार कानपुरा की ऐरर बुक में नोट कराकर और वहां के लोगों की गवाही लेकर फतहपुरा की डाक उमर खान को दी। साक्षी कहता है उसने उमर खान के लेट आने का कारण पूछा तो बताया कि वह बच्चों को पढ़ाने जाता है और उसके बाद डाक लेकर चला गया। साक्षी यह भी कहता है कि उसने एम-2 पत्र 7-12-78 को श्री सी० बी. गांगुला निरीक्षक डाकघर पाली को लिखा था। साक्षी ने अनुसार उसके बाद 4-12-78 को शाखा डाकपाल पालड़ी जोधा आया और कहा कि उसे डाक नहीं मिली इस पर वह पूनमदास शाखा डाकपाल के साथ कानपुरा शाखा गया वहां फतहपुरा की टी०बी० पड़ी मिली। रूप भारती शाखा डाकपाल के बयान लिये और रिपोर्ट के साथ पाली निरीक्षक को भेजे। साक्षी कहता है वह उसी दिन शाम को सुमेरपुर आया और शाखा डाकपाल को कहा कि डाक टी० बी० वहीं रखना। साक्षी के अनुसार दूसरे दिन सुबह 5.00 बजे शाखा डाकपाल कानपुरा डाक लेकर आया। यह भी कहता है कि उसने एम—3 पत्र 25-11-78 को प्रवर अधीक्षक डाक पाली को लिखा था क्योंकि वह जब 21 व 22 नवम्बर, 1978 को फतहपुरा गया तो उसे दोनों दिन उमर खान डाकपाल नहीं मिला। 22-11-78 को शाम 5 बजे तक उमर खान का इन्तजार किया और उसके बाद कानपुरा गांव चला गया। वहीं पर 22-11-78 को डाक थैला पड़ा मिला और शाखा डाकपाल कानपुरा श्री रूप भारती ने बताया कि 21-11-78 को डाक थैला यहां खोलकर यहीं बंद करके दिया। साक्षी कहता है 22-11-78 को उमर खान उसके पास नहीं आया। तुलसा राम यह भी कहता है कि रूप भारती शाखा डाकपाल ने कुछ चिट्ठियां दी थी जो सालोदरिया व फतहपुरा की थी जो उसे धोला राम ने दी थी जिसे स्कूल के बच्चों ने दी थी। साक्षी कहता है उसने उन चिट्ठियों के बारे में भी ऐरर बुक में नोट करके धोला राम माली से लिखवाया और दूसरे दिन चिट्ठियां सुमेरपुर वापस की। साक्षी कहता है एम-1 रिपोर्ट निरीक्षक डाकघर सिरोही को श्री धोलाराम ई० एम० डी० बी० कानपुरा व श्री रूप भारती बी० पी० एम० कानपुरा के बयानों के साथ थी। यह साक्षी भी प्रति परीक्षा में कहता है उसकी ड्यूटी पोस्ट आफिस तक करना था, डाक के आने जाने का बंदोबस्त करना था। वह फतहपुरा माह में एक बार जाता था। गांव वालों से पूछताछ पर पता चला कि उमर खान समय पर नहीं आता है, कभी आता है कभी नहीं आता है। साक्षी कहता है उसने गांव वालों के लिखित बयान लिये और फतहपुरा में ही रिपोर्ट बनाई थी। जो सुप्रिंटेंडेंट पोस्ट आफिस पाली को डाक से भेज दी थी। साक्षी कहता है उसने उमर खान से भी पूछताछ की थी और उसने लिखित में दे दिया था लेकिन उसने बयान देने से इंकार कर दिया। यह साक्षी 1983 में सेवा निवृत्त हो चुका है, इसका नियोजक से प्रभावित होकर कथन करने का कोई कारण व संभावना नहीं है। प्रति परीक्षा में भी श्रमिक ने ऐसे सुझावात्मक प्रश्न नहीं किये जिससे उसका श्रमिक के विरुद्ध मिथ्या कथन करने का कोई कारण नजर आता हो।

10 रूपदास नियोजक साक्षी ने उमर खान से फतहपुरा डाकघर का 6-12-78 को चार्ज लिया था। इसका कहना है उसे उमर खान ने पूरा चार्ज नहीं दिया और चार्ज संभलवाये बिना ही चला गया। साक्षी कहता है उसे रास्ते में उमर खान रोकता था, मारने पीटने की धमकियां देता था, डाक का थैला भी फाड़ डाला, एक दो बार उसे पीटा भी था जिसकी रिपोर्ट उसने सुलसा राम जमादार को की थी। साक्षी कहता है उससे उमर खान बार बार पूछता था कि किस किस की चिट्ठी आई और किस किस का मनीआर्डर आया है। यह साक्षी भी प्रति परीक्षा में कहता है उसने मारपीट करने की लिखित में दो बार शिकायत की थी पुलिस में भी रिपोर्ट की थी। थैला फाड़ने की शिकायत ब्रांच आफीस में की थी, पुलिस ने उमर खान को बुलाया था व पूछताछ की थी। पुलिस में उमर खान के विरुद्ध मुकदमा चल रहा है उसे एक बार पुलिस ने बुलाया था, उसके बयान लिये थे। साक्षी कहता है कि वह आफीसर के कहने से झूठा बयान नहीं दे रहा है। यह साक्षी भी प्रति परीक्षा की कसौटी पर खरा उतरा है और इसका भी श्रमिक के विरुद्ध मिथ्या कथन करने का कोई कारण नजर नहीं आता।

11. नियोजक साक्षी पी. एन. मीणा तत्कालीन समय में निरीक्षक सिरोही था और सुमेरपुर हल्का उसके अधीन था, साक्षी कहता है उसने एक पत्र 10-10-78 को सीनियर सुप्रडेंट पाली को भेजा था जो एम ओ सुमेरपुर के पत्र के आधार पर था साक्षी कहता है उसे जानकारी मिली थी कि उमर खान ही.पी. एम, फतहपुरा शिवगंज में एक प्राईवेट स्कूल चला रहा था जिसका समय प्रातः 8 बजे से 1.00 बजे तक था। यह साक्षी भी प्रति परीक्षा में कहता है उसने उमर खान को स्कूल चलाते देखा है और स्वयं उमर खान ने भी कहा था कि वह हेड मास्टर है। उसी संबंध में उसने सुप्रीडेंट को रिपोर्ट भेजी थी। साक्षी कहता है उसने 8 बजे सुबह के बाद और 12 बजे दोपहर के पहले उमर खान को स्कूल चलाते देखा है। इस साक्षी से भी विस्तार पूर्वक प्रति परीक्षा नहीं की है और इसका भी श्रमिक के विरुद्ध मिथ्या कथन करने का कोई कारण नजर नहीं आता।

12. आर. पी. सोनी नियोजक का एक अन्य साक्षी है जो सहायक अधीक्षक पाली है जिसके अधीन सुमेरपुर उप डाक घर आता था। साक्षी कहता है फतहपुरा डाक घर मोबाईल था और सालोदरिया गांव के कार्य का समय 12 बजे से 12.30 बजे दोपहर तक का था जहां पर शाखा डाकघर का कार्य करना होता है। नियोजक को यह साक्षी किसी दुराचरण को साबित करने के लिए नहीं है बल्कि सालोदरिया डाकघर का कार्य समय सिद्ध करने के लिए है। इस साक्षी से भी विस्तारपूर्वक प्रति परीक्षा नहीं की गई है और न ही श्रमिक ने यह अस्वीकार किया है कि सालोदरिया गांव का समय 12 से 12.30 दिन का न हो।

13. नियोजक साक्षी रतिराम तत्कालीन समय में प्राइमरी विद्यालय फतहपुरा का प्रधान अध्यापक था जिसने भी कहा है कि वह उमर खान को जानता है। उमर खान गांव में डाक पहुंचाने स्वयं नहीं आता था। बच्चों के द्वारा एक दो दिन बाद डाक बंटवाता था। जब कभी यह साक्षी डाक की पूछताछ करने जाता तो अधिकतर उमर खान उसे नहीं मिलता था। जयसिंह निवासी फतहपुरा के पेंशन के कागज भी उमर खान ने गायब कर दिये थे। साक्षी कहता है उसने निरीक्षक डाकघर पाली को अपने पत्र संख्या 372 दिनांक 22-2-72 द्वारा रिपोर्ट की थी। साक्षी भी प्रति परीक्षा में कहता है। जयसिंह और जिनकी डाक गायब हुई उन्होंने मेरे सामने शिकायत की थी जो एम-5/1 है उस पर ए टू बी उसके स्वयं के हस्ताक्षर हैं और सी टू डी जयसिंह के हस्ताक्षर है। जय सिंह अंधा था उसको असहाय होने की 40/रु. पेंशन मिलती थी, उमर खान 5/ रुपये लेकर पेंशन के पैसे देता था। यह शिकायत 22-2-72 की है। साक्षी कहता है उसने डाक गुम होने की शिकायत विकास अधिकारी के मार्फत पुलिस को भी की थी। पुलिस वाले पूछताछ करने उसके पास आयें थे परंतु पता नहीं कि उमर खान कि खिलाफ उन्होंने क्या कार्यवाही की। साक्षी यह भी कहता है कि उमर खान बच्चों के द्वारा डाक बंटवाता था। साक्षी के अनुसार उससे पोस्ट आफीस के अंवरसीयर व निरीक्षक ने भी पूछताछ की थी और लिखकर भी ले गये थे। इस साक्षी से भी प्रति परीक्षा में ऐसा सुझावात्मक प्रश्न नहीं किये हैं जिससे उसका कोई मनमुटाव श्रमिक के प्रति उजागर हो और उसका मिथ्या कथन करने का कोई हित या हेतु प्रदर्शित होता हो।

14. नियोजक साक्षी सी. बी. साम्बला तत्कालीन समय में निरीक्षक डाकघर पाली था, सुमेरपुर कस्बा भी उसी के कार्यक्षेत्र में आता था। साक्षी कहता है उसने 7-2-79 को एम-8 रिपोर्ट डाकघर पाली को उमर खान शाखा डाकपाल फतहपुरा के असंतोषप्रद कार्य के बाबत की थी। 14-3-79 को भी अधीक्षक डाकघर पाली को एम-9 रिपोर्ट उमर खान के असंतोषप्रद कार्य के बारे में की थी। इस साक्षी से नाम मात्र की ही प्रति परीक्षा की गई है और यह साक्षी भी निष्पक्ष कोटि का विश्वसनीय साक्षी है।

15. नियोजक साक्षी धौला राम कानपुरा का निवासी है जो रूप भारती डाकपाल व उमर खान को जानता है। साक्षी कहता है उसने रूप भारती को 4–5 पोस्ट कार्ड दिये थे। जो उसे रास्ते में पड़े मिले थे। प्रति परीक्षा में कहता है यह बात करीब दस साल पहले की है, उसे सालोदरिया गांव के रास्ते में पोस्ट कार्ड पड़े मिले थे। नियोजक साक्षी मग सिंह भी सालोदरिया पंचायत का सरपंच है और कहता है कि उमर खान कभी भी समय पर डाक नहीं बांटता था। वह कभी समय पर नहीं आता था। यह कभी सुबह को कभी शाम को डाक बांटता था और कभी-कभी आता भी नहीं था साक्षी कहता है। 23-8-77 को सुलसा राम मेल अंवरसीयर सुमेरपुर हमारे गांव सालोदरिया सुबह आया और उमर खान डाकपाल के बारे में पूछताछ की। उस रोज भी उमर खान डाक बांटने नहीं आया। साक्षी के अनुसार गांव में डाक बांटने का 11 बजे का समय निश्चित था। इस साक्षी से भी नाम मात्र की ही प्रति परीक्षा की गई है।

16. नियोजक के उपरोक्त समस्त साक्षियों के कथनों से यह निष्कर्ष निकलता है कि ये सभी साक्षी निष्पक्ष कोटि के साक्षी हैं और इनका श्रमिक के विरुद्ध कोई मनमुटाव या रंजिश भी नहीं है और न ही इनमें से किसी का श्रमिक के विरुद्ध मिथ्या कथन करने का को हित या हेतु नजर आता है इस प्रकार उपरोक्त सभी नियोजक साक्षी विश्वसनीय एवं सत्यवादी हैं। श्रमिक उमर खान के इनमें से किसी भी साक्षी के प्रति परीक्षा में न तो ऐसे सुझावात्मक प्रश्न किये हैं जिनसे इनका श्रमिक के विरुद्ध मिथ्या कथन करने को कोई हित या हेतु प्रदर्शित होता हो और न ही श्रमिक ने अपने शपथ पत्र में उक्त विषय के कोई कथन किये है इसलिए उपरोक्त सभी नियोजक साक्षी निष्पक्ष कोटि के सत्यवादी साक्षी पाये जाते हैं जिनका मौखिक कथनों की पुष्टि उन्हीं के द्वारा लिखे गये पत्रों व प्रलेखों से भी होती है।

17. नियोजक की उपरोक्त साक्ष्य के विपरीत श्रमिक उमर खान ने स्वयं का शपथ पत्र पेश किया है और कहा है कि उसके द्वारा तीनों पदों का कार्य करने के कारण उसके द्वारा अतिरिक्त भत्ता मांगे जाने के कारण ही विभाग के कुछ अधिकारी उससे नाराज थे, साथ ही गांव के कुछ स्वार्थी तत्वों के भी विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से उसके विरुद्ध झूठी बेबुनियाद शिकायतें कर दी थी मेरी राय में श्रमिक द्वारा शपथ पत्र में कथन अंकित करने मात्र से ही वह स्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि श्रमिक से अपेक्षा

थी कि वह उन विभागीय अधिकारियों के अथवा गांव के स्वार्थी व्यक्तियों के नामों का उल्लेख करता जो उससे रंजिश रखते थे। न तो अपने क्लेम में और न ही अपने शपथ पत्र में श्रमिक ने ऐसे व्यक्तियों का उल्लेख किया है यहां तक कि नियोजक द्वारा प्रस्तुत साक्षियों में से ही किसी भी व्यक्ति के नाम बाबत सुझावात्मक प्रश्न नहीं किए हैं जो उससे रंजिश रखते थे। श्रमिक उमर खान प्रति परीक्षा में स्वीकार करता है कि प्रदर्श एम-6 उसे मिला था जिस पोस्ट आफिस वह काम करता था उसके किसी भी व्यक्ति से उसकी नाराजगी नहीं थी। श्रमिक यह भी स्वीकार करता है कि उसकी ड्यूटी फतेहपुरा से कानपुरा डाक ले जाने की थी। वह 6.30 बजे डाक कानपुरा पहुंचा दिया करता था। उसकी यह भी ड्यूटी थी कि वह 9.30 बजे कानपुरा से फतेहपुरा डाक का थैला ले जाता था। फतेहपुरा में उसकी ड्यूटी 9 बजे से 11 बजे तक थी फिर 4 से 5 बजे तक डाकघर खोलने की ड्यूटी थी। इस बीच 12 से 12.30 बजे तक मोबाईल पोस्ट आफिस सालोदरिया ड्यूटी थी जिसका उसे मोबाईल अलाउंस 15 रु. अलग से मिलता था। प्रति परीक्षा में श्रमिक कहता है वह शिवगंज में स्कूल नहीं चलाता था, 11 मैम्बर स्कूल चलाते थे उनमें से एक मैम्बर वह भी था, श्रमिक के अनुसार वह शिवगंज में स्कूल में रात में पार्ट टाईम काम करता था। रात को ट्यूशन पढ़ाता था। यह उल्लेखनीय है कि नियोजक प्रतिनिधि द्वारा सुझावात्मक प्रश्न करने पर साक्षी कहता है उसे पता नहीं कि स्कूल का समय क्या था। उसे पता नही कि स्कूल का समय कितने बजे से कितने बजे तक का था। साक्षी द्वारा दिये गये उपरोक्त उत्तर से यह निष्कर्ष निकलता है कि साक्षी स्कूल का समय बताना नहीं चाहता। यह संभव नहीं है कि स्कूल चलाने वाली कमेटी में होते हुए भी और स्कूल में पार्ट टाईम ट्यूशन पढाते हुए भी श्रमिक को स्कूल का टाईम पता नहीं हो। साक्षी से आरोपों बाबत विस्तारपूर्वक प्रति परीक्षा की गई है जिनको उसने अस्वीकार किया है साक्षी ने यह जो कहा है कि उसे 4-12-78 को छुट्टी स्वीकृत कर दी गई थी परंतु साथ में यह भी कहता है कि शायद उस रोज वह छुट्टी पर था। श्रमिक द्वारा प्रति परीक्षा में दुराचरण बाबत पूछे गये प्रश्नों को अस्वीकार करने मात्र से इस विषय में नियोजक द्वारा प्रस्तुत मौखिक व प्रालेखिक साक्ष्य को निरस्त नहीं किया जा सकता विशेषकर उस परिस्थिति में जबकि नियोजक द्वारा प्रस्तुत समस्त साथी निष्पक्ष कोटि के पाये गये हों और जिनके मौखिक कथनों की पुष्टि उनके द्वारा लिखित पत्रों प्रलेखों से होती हो वह अतएव उपरोक्त समस्त कारणों से मेरी राय में भी श्रमिक पर लगाये गए समस्त आरोप साबित पाये जाते हैं।

18. उक्त आरोपों पर श्रमिक को दिये गये सेवा मुक्ति के दंड पर भी मैंने पत्रावली का निरीक्षण किया और पक्षकारों के प्रतिनिधियों को सुना। मेरी राय में श्रमिक पर गंभीर दुराचरण साबित हैं और चूंकि श्रमिक स्थाई पद पर नियुक्त नहीं था और एक्सट्रा डिपार्टमैंटल ब्रांच पोस्ट मास्टर ही नियुक्त था इसलिए उसे सेवा मुक्ति का दण्ड देना मेरी राय में अनुचित एवं अत्याधिक नही है।

19. श्री परिहार, श्रमिक प्रतिनिधि का एक तर्क यह था कि श्रमिक को फरवरी 1979 से निर्वाह भत्ता भी नहीं दिया गया है हालांकि नियोजक ने यह कहा है कि उनके नियमों के अनुसार नियमित वह स्थाई कर्मचारियों को ही निर्वाह भत्ता देने का प्रावधान है परन्तु मेरी राय में श्रमिक जैसे अस्थाई कर्मचारी को भी जांच के दौरान निर्वाह भत्ता देना आवश्यक था इसलिए फरवरी 1979 से सेवा मुक्ति दिनांक 27-3-82 तक यह श्रमिक स्थाई श्रमिकों की तरह ही निर्वाह भत्ता प्राप्त करने का अधिकारी है, जो अप्रार्थी नियोजक उसे इस आदेश के तीन माह के अन्दर अदा करेगा अन्यथा 12 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज भी देना पड़ेगा।

20. श्री परिहार श्रमिक प्रतिनिधि का एक तर्क यह था कि नियोजक द्वारा कराई गई घरेलू जांच प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्तों के अनुरूप नहीं पाई गई है इसलिए "रिलेशन बैक" थ्योरी लागू नहीं की जा सकती और न्यायालय के आदेश तक का श्रमिक को वेतन दिलाया जाये। मेरी राय में नियोजक द्वारा जो घरेलू जांच कराई गई है वह जांच का एक बहाना मात्र ही नहीं बल्कि प्राकृतिक न्यायालय के सिद्धान्तों के अनुरूप विस्तृत जांच की गई थी तथाकथित जांच इसलिए प्रोपर एवं फेयर नहीं पाई गई क्योंकि श्रमिक ने किसी भी नियोजक साक्षी से जिरह नहीं की थी फिर भी कुछ साक्षियों की जिरह में यह लिख दिया गया था कि श्रमिक को जिरह का अवसर दिया गया और कुछ की जिरह में उक्त उल्लेख नही किया गया था तथा श्रमिक की जांच के दौरान निर्वाह भत्ता भी नहीं दिया गया था। माननीय उच्चतम न्यायालय ने ए. आई. आर. 1959 (एस. सी.) 923 सासा मूसा के न्याय दृष्टांत में निम्नलिखित व्यक्त किया गया है :—

> "Where management discharges a workman by an order which is void for want of any enquiry or for blatent violation of rules of natural justice, the relation back doctrine could not be invoked. Jurisprudential difference between a void order which by subsequent judicial resuscilation comes into being denova and an order which may suffer from some defects but is not still born or void and all that is needed in the eye of law to make it good is a subsequent approval by a tribunal which is granted, cannot be objuscated."

राजस्थान उच्च न्यायालय ने भी संगम एक्सपोर्टस बनाम जज, लेबर कोर्ट एस. बी. सिविल रिट 1020/80 निर्णय दिनांक 10-11-86 में निम्न मत व्यक्त किया है :—

> "Where management does not hold domestic enquiry and justify the charges in court and misconduct justified punishment of dismissal, then the dismissal will operate from the date of award and not from the date of passing of order by management."

इससे भी यही निष्कर्ष निकलता है कि जहां पर नियोजक द्वारा या तो घरेलू जांच करवाई ही नहीं गई हो अथवा तथाकथित जांच का बहाना मात्र हो वहीं पर रिलेशन बैक थ्योरी लागू नही होती। विवेचनाधीन विवाद में तो जैसा कि मैंने ऊपर मत व्यक्त किया है, नियोजक द्वारा विस्तारपूर्वक जांच की गई थी। जांच के दौरान श्रमिक भी उपस्थित था अनेकों साक्षियों का विपक्षी की तरफ से परीक्षण हुए थे और अनेकों प्रलेख भी पेश हुए थे परंतु श्रमिक ने किसी भी नियोजक साक्षी से प्रति परीक्षा जानबूझ कर नहीं की। अभिप्राय यह है कि विवेचनाधीन विवाद में नियोजक द्वारा कराई गई घरेलू जांच हालांकि तकनीकी रूप में प्राकृतिक न्याय सिद्धान्तों के अनुरूप नहीं पाई गई थी परन्तु फिर भी उक्त जांच नियोजक द्वारा कराई गई घरेलू जांच का बहाना मात्र नहीं कहा जा सकता। अतः इन परिस्थितियों में रिलेशन बैक थ्योरी ही लागू की जा सकती है। यह सही है कि अगर प्रबंधकों द्वारा पारित किया गया सेवा मुक्ति आदेश शून्य हो तो ए आई आर 1976 एस.सी. 1760 एवं ए आई आर 1980 एस सी 1896 के न्याय दृष्टान्तों के अनुसार रिलेशन बैक सेवा मुक्ति को दिनांक को नहीं हो सकता परन्तु ए आई आर

1963 ए. सी. 1756 पी एवं कल्याणी बनाम एयर प्रोम तथा डी. सी० राय बनाम प्रिसाइडिंग आफीसर इन्डस्ट्रीयल ट्रिब्यूनल 1976 लैब आई सी 1142 पर उपलब्ध उच्चतम न्यायालय के न्याय दृष्टान्तों के अनुसार

> "Where the tribunal comes to the conclusion on its own appraisal of the evidence educed to before it, that the dismissal is justified, the dismissal will relate back to the date when the order of dismissal was made by the employer."

विवेचनाधीन विवाद में मेरी राय में प्रबन्धकों द्वारा कराई गई घरेलू जांच का एक बहाना ही नहीं थी बल्कि वास्तव में जांच अधिकारी नियुक्त करके नियमानुसार जांच करवाई गई थी। प्रबंधकों के साक्षियों के ब्यान भी श्रमिक की उपस्थिति में हुए थे, श्रमिक के प्रति परीक्षा करना नहीं चाहा इन परिस्थितियों में नियोजक द्वारा पारित किया गया सेवा मुक्ति आदेश शून्य नहीं था उपरोक्त समस्त कारणों से इस विवाद में रिलेशन बैंक थ्योरी ही लागू होती है।

21. मद्रास उच्च न्यायालय में भी अशोका लर्लेंड बनाम लेबर कोर्ट 1988 (1) एल एल एन 302 के न्याय दृष्टान्त में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित कल्याणी वाले न्याय दृष्टान्त तथा गुजरात स्टील ट्यूबस के न्याय दृष्टांत में 1980 (1) एल एल एन 230 पर विचार करने के उपरांत रिलेशन बैंक थ्योरी को ही अपनाया था क्योंकि नियोजक द्वारा कराई गई जांच बहाना मात्र नहीं थी।

22. अतः उपरोक्त समस्त कारणों से इस केस में भी रिलेशन बैंक थ्योरी ही लागू की जाती है और यह श्रमिक सेवा मुक्ति की दिनांक से इस अधिनिर्णय की दिनांक तक का वेतन प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है तथ्यों और विधि उपरोक्त समस्त कारणों से इस निर्देश का अधिनिर्णय निम्न प्रकार किया जाता है :—

> "प्रार्थी उमर खान ई.डी.बी. पी. एम. फतहपुरा की सेवा मुक्त उचित और वैध है और यह श्रमिक किसी सहायता का अधिकारी नहीं है। नियोजक के स्थाई आदेशों के अनुसार नियमित श्रमिकों की तरह ही इस श्रमिक को भी दिनांक 5-2-79 से 27-3-82 तक निर्वाह भत्ता देना होगा।

23. उपरोक्त आशय का अवार्ड पारित किया जाता है जो केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ अन्तर्गत धारा 17 (1) अधिनियम भेजा जाये।

जगत सिंह, पीठासीन अधिकारी

नई दिल्ली, 28 मई, 1992

का. आ. 1657.—समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 (1976 का 25) की धारा 6 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और दिनांक 25 जनवरी, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित का. आ. 269 के अधिक्रमण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा सलाहकार समिति का पुनर्गठन करती है जिसमें निम्नलिखित सदस्य शामिल है :—.

सलाहकार समिति:—

1. केन्द्रीय श्रम मंत्री/उप श्रम मंत्री —अध्यक्ष
2. सचिव, श्रम मंत्रालय —पदेन सदस्य
3. संयुक्त सचिव, श्रम मंत्रालय, (बाल एवं महिला श्रमिक संबंधी मामलों के प्रभारी) पदेन सदस्य
4. संयुक्त सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग नई दिल्ली -वही-
5. सलाहकार, श्रम एव नियोजन प्रभाग योजना आयोग, नई दिल्ली -वही-
6. सचिव, श्रम विभाग, आन्ध्र प्रदेश शासन, हैदराबाद -वही-
7. सचिव, श्रम विभाग, भारत सरकार दिसपुर -वही-
8. सचिव, श्रम विभाग, संघ शासित क्षेत्र, दिल्ली -वही-
9. श्री विजय जी. कालन्तरी -वही- अध्यक्ष, अखिल भारतीय विनिर्माता गैर सरकारी सदस्य संघ, . आवमैरो इन्डस्ट्रीज, 73. बम्बई समाचार मार्ग, बम्बई-400023
10. डा. (सुश्री) एन हमसा, -वही- उप सचिव अखिल भारतीय नियोजक संगठन फैडरेशन हाउस, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली—110007
11. सुश्री मंजुला रे -वही- अध्यक्ष, पं. बंगाल इन्टक वीमेन वर्किंग कमेटी फ्लैट, 4, 12 स्वीनहो स्ट्रीट कलकत्ता
12. श्रीमती कमला सिन्हा, -वही- उपाध्यक्ष हिन्द मजदूर सभा, नगीनदास चैम्बर्स 167. पी. डी. मैलो रोड, बम्बई
13. श्री सी. एम. कृष्णा, -वही- निदेशक कार्मिक, हिन्दुस्तान एरोनाटिकस लि., 15/1, कुबोन रोड, बम्बई
14. श्रीमती सुनीला बी. पंडोले -वही- भारतीय मजदूर संघ, विदर्भ प्रदेश, 542, डा. मुंजे मार्ग, कांग्रेस नगर, नागपुर
15. डा. लतिका सरकार, -वही- महिला विकास अध्ययन केन्द्र, बी—43, पंचशील इन्कलेव, नई दिल्ली
16. सुश्री जया अरुणाचलम, अध्यक्ष वर्किंग वोमेन्स फोरम (भारत),

55. भीमसेन गार्डन रोड, माइलापोर, मद्रास	सरकारी सदस्य
17. सुश्री मीना पटेल, सैल्फ इम्पलाइड वीमेन्स एसोसिएशन सेवा स्वागत केन्द्र, लोकमान्य तिलक मार्ग के सामने भद्रा, अहमदाबाद	—वही—
18. सुश्री भारतिन्दी जेना इन्स्टीच्युट आफ सोशल स्टडीज ट्रस्ट, 5, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली,	—वही—

2. समान पारिश्रमिक नियमवाली, 1991 संबंधी केन्द्रीय सलाहकार समिति के नियम 4 के अनुसार गैर सरकारी सदस्यों का कार्यकाल नामित करने की तारीख से दो वर्ष होगा । इसमें यह भी व्यवस्था है कि ऐसे सदस्य अपने उत्तराधिकारी के नामित होने तक अपने पद पर बने रहेंगे ।

[सं. एस-42025/49/84सी एण्ड डब्ल्यू एल-II]

शशि जैन, संयुक्त सचिव

New Delhi, the 28th May, 1992

S.O. 1657—In exercise of the powers confered by sub- section (1) of Section 6 of the Equal Remuneration Act, 1976 (25 of 1976) and in supersession of notification published in the Gazette of India vide S.O. 269 dated the 25th January, 1986, the Central Government hereby reconstitute the Advisory Committee consisting of the following members :—

Advisory Committee	
1. Union Minister for Labour/ Deputy Labour Minister	Chairman
2. Secretary, Ministry of Labour.	Ex-Officio Member.
3. Joint Secretary, Ministry of Labour. (Incharge of Child and Women Labour)	,,
4. Joint Secretary, Department of Women and Child Development, New Delhi.	,,
5. Adviser, Labour & Employment Division. Planning Commission, New Delhi.	,,
6. Secretary, Labour Department, Government of Andhra Pradesh, Hyderabad.	,,
7. Secretary, Labour Department, Government of Assam, Dispur.	,,
8. Secretary, Labour Department, Union Territory of Delhi, Delhi.	,,
9. Shri Vijay G. Kalantri, President, All India Manufacturers' Organisation, M/s. Abro Industries, 73, Bombay Samachar Marg, Bombay.	Non-Official Member
10. Dr. (Ms.) N. Hamsa, Deputy Secretary, All India Organisation of Employers. Federation House, Tansen Marg, New Delhi-110001.	,,
11. Ms. Manjula Ray, President, INTUC Women Working Committee of West Bengal Flat, 4, 12 Swinhoe Street, Calcutta.	,,
12. Mrs. Kamla Sinha, Vice.President, Hind Mazdoor Sabha. Nagindas Chambers, 167, P.D. Mello Road, Bombay.	,,
13. Mr. C.M. Krishna, Director (Personnel) Hindustan Aeronautics Ltd., 15/1, Cubbo Road, Bombay.	,,
14. Smt. Sunita V. Padoley, Bharatiya Mazdoor Sangh, Vidarbh Pradesh, 542, Dr. Munje Marg, Congress Nagar, Nagpur.	,,
15. Dr. Lotika Sarkar, Centre for Women's Development Studies, B-43, Panchsheel Enclave, New Delhi.	,,
16. Ms. Jaya Arunachalam, President, Working Women's Forum (India) 55, Bhimsena Garden Road, Mylapore, Madras.	,,
17. Ms. Meena Patel, Self Employed Women's Association, SEWA Reception Centre, Opposite Lokmanya Tilak Baug Bhadra, Ahmedabad.	,,
18. Ms. Bratindi Jena, Institute of Social Studies Trust 5, Deen Dayal Upadhyay Marg, New Delhi.	,,

2. The terms of office of non-official member(s) of the Committee shall be two years from the date of their nomination in accordance with Rule 4 of the Central Advisory Committee on Equal Remuneration Rules, 1991. It is further provided that such member shall, continue to hold office until his/her successor is nominated.

[No. S-42025/49/84-C&WL-II Section]

SHASHI, JAIN, Jt. Secy.

नई दिल्ली, 28 मई, 1992

का. आ. 1658.—उत्प्रवास अधिनियम, 1983 (1983 का 31) की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार सन्तुष्ट होने के पश्चात् कि ऐसा करना आवश्यक है, एतद्द्वारा निम्नलिखित अधिकारियों को, इस अधिनियम के उद्देश्य के लिए यह निर्णय करने के लिए कि भारत से बाहर जाने वाला अमुक व्यक्ति उत्प्रवासी नहीं है, उत्प्रवास संरक्षी का कार्य करने के लिये प्राधिकृत करती है, अर्थात्:—

1. पासपोर्ट अधिकारी, नागपुर

2. पासपोर्ट अधिकारी, गोवा

[सं जैड-11025/68/89—उत्प्रवास]

जी के भट्टाचार्य, संयुक्त सचिव

New Delhi, the 28th May, 1992

S.O. 1658.—In exercise of the powers conferred by Section 5 of the Emigration Act, 1983 (31 of 1983), the Central Government after satisfying that it is necessary so to do, hereby authorises the following officers to perform the functions of Protector of Emigrants for deciding that a person intending to depart from India, is not an emigrant, for the purposes of the Act, namely :—

1. Passport Officer, Nagpur.

2. Passport Officer, Goa.

[No. Z-11025/68/89-Emig.]

G. K. BHATTACHARYA, Jt. Secy.

नई दिल्ली, 2 जून, 1992

का. आ. 1659.—उत्प्रवास अधिनियम, 1983 (1983 का 31) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये और इस मंत्रालय की समसंख्यांक अधिसूचना दिनांक 18-5-1992 के अनुक्रम में, केन्द्रीय सरकार श्री ए. के. निगम, अनुभाग अधिकारी तथा उत्प्रवास संरक्षी II, बम्बई को और पन्द्रह दिन के लिए 30-5-92 पूर्वाह्न के 13-6-92 अपराह्न तक उत्प्रवास संरक्षी गोवा के रूप में नियुक्त करती है ।

[संख्या जैड-11025/68/89 उत्प्रवास]

सरिता मित्तल, अवर सचिव

New Delhi, the 2nd June, 1992

SO. 1659.—In exercise of the powers conferred by Section 3, sub-section (1) of the Emigration Act, 1983 (31 of 1983), in the continuation of this Ministrys Notification of even number dated 18-5-1992 the Central Government hereby appoints Shri A. K. Nigam, Section Officer, and Protector of Emigrants II, Bombay as Protector of Emigrants Goa for further fifteen days with effect from 30-5-92 (FN) to 13-6-92 (AN).

[No Z-11025/68/89-Emig.]

SARITA MITTAL, Under Secy.

Printed by the Manager, Govt. of India Press, Ring Road, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054, 1992